वर्ष-10, अंक-20 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये
TM
आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया
# आधुनिक समाचार
प्रयागराज गुरुवार, 21 मार्च, 2024
प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने 11 राज्यों के करीब 80 लोकसभा उम्मीदवारों के तय किए नाम

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवारों की तीसरी सूची के नाम पर केंद्रीय चुनाव समिति ने चर्च पूरी कर ली है। इसमें 11 राज्यों की करीब 80




सीटों के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए गए हैं और अगले एक-दो दिनों में इसका एलान कर दिया जाएगा। हालांकि, चुनाव समिति की इस बैठक में उत्तर प्रदेश के साथ ही दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे उन राज्यों की सीटों की चर्चा नहीं की गई है। जहां कांग्रेस गठबंधन कर चुनावी मैदान में उतर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई चुनाव समिति की इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश सिक्किम्र पश्चिम बंगाल अंडमान-निकोबार कर्नाटक पुडुचेरी गुजरात मध्य प्रदेश राजस्थान और चंडीगढ़ की एक सीट के उम्मीदवार को लेकर चर्चा की गई। तीसरी सूची में 80 सीटों में से अधिकांश पर नाम तय हो गए हैं और चंडीगढ़ सीट पर को लेकर तीन उम्मीदवारों के पैनल पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की इस बैठक में अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम्र पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार, कर्नाटक, पुडुचेरी, गुजरात, मध्यप्रदेश, राजस्थान और चंडीगढ की एक सीट के उम्मीदवार को लेकर चर्चा की गई। बताया जाता है कि तीसरी सूची में 80 सीटों में से अधिकांश पर नाम तय हो गए है और चंडीगढ़ सीट पर को लेकर तीन उम्मीदवारों के पैनल पर कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका तो मामला कांग्रेस अध्यक्ष पर छोड़ दिया गया। चूंकि उत्तर प्रदेश की सीटें चर्चा के एजेंडा में नहीं थी इसलिए अमेठी और राय बरेली से गांधी परिवार की उम्मीदवारी पर सियासी सस्पेंस अभी बरकार है। लोकसभा चुनाव के लिए पहली दो सूची को मिलाकर कांग्रेस अब तक अपने 82 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी चुनाव समिति के सदस्य हैं मगर वे इस मंगलवार को हुई बैठक में शामिल नहीं हुए।

## भारत में 2005-21 के दौरान मछली की प्रति व्यक्ति खपत 81 प्रतिशत बढ़ी, इस राज्य के लोग ज्यादा खाते हैं फिश

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत की वार्षिक प्रति व्यक्ति मछली खपत वर्ष 2005 के 4.9 किलोग्राम से बढ़कर 2021 में




8.89 किलोग्राम हो गई है। यह उच्च आय और बढ़ती समृद्धि के कारण आहार मिश्रण में बदलाव का संकेत है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। भारत की वार्षिक प्रति व्यक्ति मछली खपत वर्ष 2005 के 4.9 किलोग्राम से बढ़कर 2021 में 8.89 किलोग्राम हो गई है। यह उच्च आय और बढ़ती समृद्धि के कारण आहार मिश्रण में बदलाव का संकेत है। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई है। मछली खाने वाली आबादी में प्रति व्यक्ति वार्षिक मछली की खपत 7.43 किलोग्राम से बढ़कर 12.33 किलोग्राम हो गई है जो 4.9 किलोग्राम की वृद्धि है। मछली खाने वाली आबादी में प्रति व्यक्ति वार्षिक मछली की खपत 7.43 किलोग्राम से बढ़कर 12.33 किलोग्राम हो गई है, जो 4.9 किलोग्राम (66 प्रतिशत) की वृद्धि है। यह अध्ययन व?र्ल्डफिश अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (आईएफपीआरआई) द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) और अन्य सरकारी निकायों के सहयोग से किया गया है। अध्ययन की समयसीमा वर्ष 2005-2006 से वर्ष 2019-2021 थी। वर्ष 2005-2021 की अवधि के दौरान, देश का मछली उत्पादन 5.63 प्रतिशत की सालाना वृद्धि (सीएजीआर) के साथ दोगुना होकर 1.42 करोड़ टन हो गया। कुल मछली उत्पादन में से मछली की घरेलू खपत वर्ष 2005-06 में 82.36 प्रतिशत, वर्ष 2015-16 में 86.2 प्रतिशत और वर्ष 2019-20 में 83.65 प्रतिशत थी। शेष का उपयोग गैर-खाद्य उद्देश्यों और निर्यात के लिए किया गया था। आईसीएआर के महानिदेशक हिमांशु पाठक ने रिपोर्ट में कहा कि भारत में मछली की घरेलू मांग बढ़ रही है। भारत दुनिया में मछली का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बन गया है।हालांकि, भारत में प्रति व्यक्ति मछली की खपत वैश्विक औसत से पीछे बनी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, विभिनन्न भारतीय राज्यों में त्रिपुरा में मछली उपभोक्ताओं का अनुपात सबसे अधिक (99.35 प्रतिशत) है, जबकि हरियाणा में यह सबसे कम (20.55 प्रतिशत) है।

## अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा', चीन के सभी दावों को विदेश मंत्रालय ने बताया बेतुका


**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में चीन की तरफ से जिस तरह से अरूणाचल प्रदेश को लेकर बयानबाजी बढ़ गई है उसको देखते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय का तेवर भी तल्ख होता जा रहा है बल्कि हर स्तर पर भारत अपने इस पड़ोसी देश को संकेत दे रहा है कि वह हर तरह की चुनौतियों के लिए तैयार है। अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के पहले विदेश मंत्रालय ने और उसके बाद वहां के रक्षा मंत्रालय की तरफ से नागवार गुजरने वाली टिप्पणियां की गई हैं। पीएम मोदी ने इसी तथ्य को सामने लाया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने अपने बयान में कहा है कि भारतीय राज्य अरूणाचल प्रदेश को लेकर चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता का बेतुका बयान हमने देखा है। इस बारे में आधारहीन दावों का कोई महत्व नहीं है। अरूणाचल प्रदेश भारत



का हिस्सा था है और हमेशा रहेगा। चीन सीधे तौर पर भारत के इस पूर्वोत्तर राज्य को अपना हिस्सा करार देने लगा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को चीन के रक्षा मंत्रालय को सीधा जवाब दिया है कि अरूणाचल प्रदेश भारत का अभिनन्न हिस्सा पहले भी था, अब भी है और आगे भी रहेगा।दूसरी तरफ, पीएम नरेन्द्र मोदी ने हिंद महासागर में भारतीय नौ सेना की तरफ से समुद्री दस्युओं पर सफल कार्रवाई के संदर्भ में एक बयान दिया है जो चीन की तरफ इशारा है। पिछले दिनों भारतीय नौ सेना ने कार्रवाई करके हिंदी महासागर में बुल्गारिया के एक जहाज को बचाया था और दस्युओं के चंगुल से इस जहाज में काम करने वाले बुल्गारियाई नागरिकों को बचाया था।

## (सीएए) पर फिलहाल रोक नहीं, केंद्र से तीन सप्ताह में मांगा जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर फिलहाल कोई रोक नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्तओं की ओर से जोरदार मांग के बावजूद मंगलवार को सीएए लागू करने पर अंतरिम रोक लगाने का आदेश नहीं दिया। कोर्ट ने रोक



लगाने की मांग अजिर्यों पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है और केंद्र से तीन सप्ताह में आठ अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले में कोर्ट नौ अप्रैल को फिर सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान सीएए का लाभ पाकर नागरिकता लेने की बाट जोह रहे व्यक्ति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील रंजीत कुमार ने कहा कि उनका मुवक्किल 2014 में बलूचिस्तान से आया है उसे वहां हिन्दू होने के कारण प्रताड़ित किया गया अगर उसे सीएए में नागरिकता मिलती है तो इससे याचिकाकर्ता कैसे प्रभावित होंगे। इंद्रा जयसिंह ने कहा कि उसे मतदान का अधिकार मिल जाएगा। 1. सीएए कानून में पड़ोसी राज्य पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में धर्म के आधार पर प्रताड़ित किये गए अल्पसंख्यकों (हिन्दू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है। सीएए कानून 2019 में पारित हुआ था लेकिन उसके नियम तय होकर उसे लागू करने की अधिसूचना गत 11 मार्च को जारी हुई थी। 2. इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आइयूएमएल) और डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन आफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर सीएए के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की है। इसके अलावा एआइएमआइएम व अन्य ने भी सीएए पर रोक मांगी है। इन अंतरिम अजिर्यों के अलावा सुप्रीम कोर्ट में कुल 237 याचिकाएं लंबित हैं जिनमें सीएए को चुनौती दी गई है। 3. मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जेबी पार्डीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष हुई सुनवाई में याचिकाकर्ताओं के वकील कपिल सिब्बल, इंद्रा जयसिंह, निजाम पाशा ने सीएए के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की मांग की। आइयूएमएल की ओर से पेश कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर कोर्ट ने इस पर रोक नहीं लगाई तो मामला महत्वहीन हो जाएगा। 4. उन्होंने कहा कि कानून के चार साल तीन महीने बाद इसे लागू करने की अधिसूचना जारी हुई है जब इतने दिन से कानून लागू नहीं था तो फिर अब ऐसी क्या जल्दी है। इन दलीलों पर कोर्ट ने कहा कि वह नोटिस जारी कर रहा है और केंद्र सरकार की ओर से पेश सालिसिटर जनरल तुषार मेहता से पूछा कि आप कब तक याचिकाओं का जवाब दे देंगे। मेहता ने चार सप्ताह का समय मांगा जिसका विरोध करते हुए सिब्बल ने कहा कि यह बहुत ज्यादा समय है।

## चुनाव आयोग से पीएम मोदी की रैली में बच्चों के शामिल होने की शिकायत डीएमके ने कार्रवाई की मांग की

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**चेन्नई।** द्रमुक ने मंगलवार को पीएम मोदी के रोड शो में स्कूल बच्चों के शामिल होने की शिकायत चुनाव आयोग से की। इसके साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर दौरान स्कूली बच्चों के शामिल होने की घटना की जांच कर रहा है। कलेक्टर ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्य शिक्षा अधिकारी और श्रम विभाग के संयुक्त आयुक्त से भी



नफरती भाषण देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग क द्रमुक ने मंगलवार को पीएम मोदी के रोड शो में स्कूल बच्चों के शामिल होने की शिकायत चुनाव आयोग से की। इसके साथ केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर नफरती भाषण देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। कोयंबटूर के जिला कलेक्टर क्रांति कुमारपति ने कहा कि प्रशासन मोदी के रोड शो के दौरान स्कूली बच्चों के शामिल होने की घटना की जांच कर रहा है वहीं, कोयंबटूर के जिला कलेक्टर क्रांति कुमारपति ने कहा कि प्रशासन मोदी के रोड शो के रिपोर्ट मांगी गई है और कहा कि जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयुक्त सत्यब्रत साहू को सौंपी गई एक याचिका में द्रमुक के सचिव आरएस भारती ने कहा कि राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के लिए भाजपा के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए चुनाव आयुक्त सत्यब्रत साहू को सौंपी गई एक याचिका में द्रमुक के सचिव आरएस भारती ने कहा कि राजनीतिक अभियान के लिए बच्चों का इस्तेमाल करने के लिए भाजपा के खिलाफ उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

## लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई जांच के दिए आदेश, छह महीने में जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल ने मंगलवार को सीबीआई को तृणमूल कांग्रेस की



नेत्री और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फार-क्वेरी (पैसे लेकर सदन में सवाल पूछने) मामले में केस दर्ज करने और छह महीने के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल ने मंगलवार को सीबीआई को तृणमूल कांग्रेस की नेत्री और पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फार-क्वेरी (पैसे लेकर सदन में सवाल पूछने) मामले में केस दर्ज करने और छह महीने के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। साथ ही जांच एजेंसी से कहा है कि वह हर महीने की जांच की प्रगति रिपोर्ट भी दे। साथ ही जांच एजेंसी से कहा है कि वह हर महीने की जांच की प्रगति रिपोर्ट भी दे। मोइत्रा को पिछले साल दिसंबर में इस अनैतिक आचरण के लिए लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था। उन्होंने अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। यही नहीं, उन्हें पार्टी ने बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से दोबारा अपना उम्मीदवार भी बनाया है। भाजपा के लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकपाल के पास शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि मोइत्रा ने दुबई में बैठे व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी से नकदी और उपहार के लेकर संसद के निचले सदन यानी लोकसभा में सवाल पूछे थे। न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी की अध्यक्षता वाली लोकपाल पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पूरे मामले का रिकॉर्ड देखने और मूल्यांकन करने के बाद इसमें कोई संदेह नहीं है कि जनप्रतिनिधि पर जो आरोप लगाए हैं, वह गंभीर प्रवृति के हैं पीठ में अन्य सदस्य अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह हैं। लोकपाल ने महुआ के खिलाफ केस दर्ज कर जांच करने और हर महीने की जांच की प्रोग्रेस रिपोर्ट बताने के लिए कहा है। इसमें कहा गया है कि कोई भी पद हो, एक लोक सेवक अपने कर्तव्यों के निर्वहन में ईमानदारी बरतने के लिए बाध्य है उधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, 'सत्यमेव जयते। आज मेरी शिकायत को सही मानते हुए लोकपाल ने महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया। चंद पैसों के लिए तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद ने हीरानंदानी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार किया और देश की सुरक्षा को गिरवी रखा।

## केंद्र सरकार में 30 लाख युवाओं की भर्त्ती, ओपीएस की बहाली

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार में 30 लाख युवाओं की भ?र्त्ती करने, राष्ट्रीय स्तर पर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली से लेकर किसानों, युवाओं, महिलाओं और ओबीसी-एसी-एसटी को भागीदारी देने संबंधी पांच न्याय के तहत 25 चुनावी गारंटियों के सहारे कांग्रेस 2024 के चुनाव में भाजपा के भावनात्मक चुनावी दांव को थामने के लिए पूरा जोर लगाएगी। केंद्र सरकार में 30 लाख युवाओं की भ?र्त्ती करने राष्ट्रीय स्तर पर पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली से लेकर किसानों युवाओं महिलाओं और ओबीसी-एसी-एसटी को भागीदारी देने संबंधी पांच न्याय के तहत 25 चुनावी गारंटियों के सहारे कांग्रेस 2024 के चुनाव में भाजपा के भावनात्मक चुनावी दांव को थामने के लिए पूरा जोर लगाएगी। कांग्रेस गारंटियों को लोगों तक पहुंचा कर जन मुद्दों के इर्द-गिर्द बनाने की कोशिश करेगी। विकास के इस वैकल्पिक एजेंडे के साथ अपनी गारंटियों को कांग्रेस घर-घर तक पहुंचा कर चुनावी विमर्श को जन मुद्दों के इर्द-गिर्द फोकस करने की कोशिश करेगी। राजनीतिक न्याय के वादे के तहत पार्टी सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरूपयोग रोकने के लिए विशेष कानून बनाने का वादा करेगी। वहीं चुनाव आयोग, कैग और सीवीसी जैसे संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की गारंटी देगी। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल कर विधानसभा चुनाव कराने और लद्दाख को विशेष दर्जा देने का भी कांग्रेस अपने चुनाव घोषणा पत्र में वादा करेगी। कांग्रेस कार्यसमिति की मंगलवार को हुई बैठक में 2024 के आम चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा-पत्र से जुड़ी इन गारंटियों-वादों के मसौदे को मंजूरी दे दी गई।

## अगर राहुल धर्मनिरपेक्ष तो धर्म के आधार पर चुनाव मत लड़ें, केंद्रीय मंत्री स्मृति का कांग्रेस नेता पर जोरदार हमला

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वयं को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं, बल्कि मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता जो अमेठी में हार से डरता है। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यदि कांग्रेस नेता राहुल गांधी स्वयं को धर्मनिरपेक्ष मानते हैं तो उन्हें धर्म के नाम पर नहीं बल्कि मुद्दों के आधार पर चुनाव लड़ना चाहिए। एक कार्यक्रम में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि किसी देश की मंजिल का फैसला उस व्यक्ति द्वारा तय नहीं किया जा सकता जो अमेठी में हार से डरता है। उत्तर प्रदेश में अमेठी को लंबे समय तक गांधी परिवार का गढ़ माना जाता रहा है। राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में स्मृति इरानी से चुनाव हार गए थे। स्मृति ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब उन्होंने हिंदू धर्म के खिलाफ कोई बयान दिया है। लेकिन, मेरा मानना है कि यदि वह धर्मनिरपेक्ष हैं तो उन्हें धर्म के आधार पर नहीं लड़ना चाहिये, बल्कि उन्हें मुद्दों पर लड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनावी राजनीति में जीत और हार अंतर्निहित है, लेकिन सच्चा नेतृत्व किसी के विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहने से प्रदर्शित होता है।



## सिर्फ हिंदू आस्था के प्रतीकों के विरुद्ध बोलते हैं विपक्षी नेता, तमिलनाडु में कांग्रेस-डीएमके पर बरसे पीएम मोदी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** शक्ति के विनाश के राहुल गांधी के बयान को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसको लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस समेत पूरे आईएनडीआईए पर हमलावर ह शक्ति के विनाश के राहुल गांधी के बयान को भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव का बड़ा मुद्दा बना दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसको लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस समेत पूरे आईएनडीआईए पर हमलावर हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को शक्ति के विनाशक और शक्ति के उपासक के बीच बता रहे प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को तमिलनाडु के सेलम में मंच पर शक्ति स्वरूप में 11 महिलाओं के बीच नजर आए आगामी लोकसभा चुनाव को शक्ति के विनाशक और शक्ति के उपासक के बीच बता रहे



प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को तमिलनाडु के सेलम में मंच पर शक्ति स्वरूप में 11 महिलाओं (शक्ति अम्माओं) के बीच नजर आए। प्रधानमंत्री ने साफ किया कि उदयनिधि स्टालिन, ए. राजा से लेकर राहुल गांधी तक विपक्षी नेता जानबूझकर सिर्फ हिंदू आस्था के प्रतीकों के विरुद्ध बोलते है, अन्य धर्म से जुड़े प्रतीकों के विरुद्ध वे एक शब्द भी नहीं बोलते। हिंदू धर्म के विरुद्ध विपक्षी नेता का हर बयान बहुत सोचा-समझा है। उन्होंने कहा कि शक्ति का विनाश करने के लिए निकली कांग्रेस, द्रमुक समेत अपने सहयोगियों के साथ खत्म हो जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सलेम में माताओं और बहनों को फिर शक्ति स्वरूपा बताते हुए तमिलनाडु में मदुरई से लेकर कन्याकुमारी तक देवी से जुड़े मंदिरों को गिनाया। उन्होंने तमिलनाडु की जनता को यह भी याद दिलाया कि सुब्रह्मण्यम भारती ने अपनी कविताओं में भारत को मातृ देवी के रूप में प्रस्तुत किया था हिंदू धर्म में शक्ति का मतलब है मातृ शक्ति, नारी शक्ति, लेकिन कांग्रेस और द्रमुक वाला आईएनडीआईए कहता है कि वे इसका विनाश कर देंगे। हमारे महाकाव्य इस बात के प्रमाण हैं कि जो लोग शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं, वे नष्ट हो जाते हैं। शक्ति का विनाश करने वालों को तमिलनाडु दंडित करेगा और यह राज्य के करोड़ों लोगों की गारंटी है। मोदी ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के महिला होने के कारण द्रमुक द्वारा किए अपमान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस और द्रमुक की नारी विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। रैली में बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं की ओर इंगित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में अपनी सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए उठाए गए कदमों को भी गिनाया।

# थाना नैनी पुलिस व एस0ओ0जी0 यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा 05 अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी।** श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पनन्‍ कराये जाने व अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर के कुशल निर्देशन में थाना नैनी पुलिस व एस0ओ0जी0 यमुनानगर की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 17.03.2024 को अभियुक्त विकास गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता नि0 ग्राम धनुहां मामा भान्जा का तालाब थाना नैनी जनपद प्रयागराज को छिवकी चौकी से थोड़ी दुर पहले टीएसएल मोड़ की तरफ थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर, कब्जे से 01 अवैध तमंचा .312 बोर बरामद किया गया, उक्त गिरफ्तारी / बरामदगी के संबंध में थाना नैनी पर मु0अ0सं0-157/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया, अभियुक्त विकास गुप्ता उपरोक्त की निशांदेही पर अवैध शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाले 03 अभियुक्त 1.अतुल सोनकर उर्फ रिषु पुत्र स्व0 रामनरेश सोनकर नि0 चाका दोसी का बगीया थाना नैनी जनपद प्रयागराज 2.विजय कुमार सोनकर पुत्र लालचन्द्र सोनकर निवासी लिप्टन कालोनी सब्जी मण्डी थाना नैनी जनपद प्रयागराज 3.मोहम्मद फैजान पुत्र मोहम्मद फारूख निवासी चक रघुनाथ नैनी बाजार थाना नैनी जनपद प्रयागराज को आज दिनांक 18.03.2024 को कांशीराम आवास ए0डी0ए0 कालोनी सरपतहिया की निष्प्रयोज्य बिल्डिंग थाना क्षेत्र नैनी में अवैध शस्त्र फैक्ट्री पर छापा मारकर फैक्ट्री को संचालित करने वाले 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त अतुल सोनकर उर्फ रिषु उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 रिवाल्वर काले रंग का .32 बोर, अभियुक्त विजय कुमार सोनकर उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 अवैध पिस्टल .32 बोर व अभियुक्त मोहम्मद फैजान उपरोक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 अवैध पिस्टल .32 बोर तथा मौके से 06 अवैध कारतूस, 01 अवैध अर्धनिर्मित तमंचा .12 बोर, 02 अवैध अर्धनिर्मित तमंचा .315 बोर व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण (07 लोहे की नाल एवं 01 पेट्रोमैक्स) बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी / बरामदगी के संबंध में थाना नैनी पर अभियुक्त 1.अतुल सोनकर उर्फ रिषु उपरोक्त 2.विजय कुमार सोनकर उपरोक्त 3.मोहम्मद फैजान उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-158/2024 धारा 3/5/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया । मु0अ0सं0-158/2024 के अभियुक्त 1.अतुल सोनकर उर्फ रिषु उपरोक्त 2.विजय कुमार सोनकर उपरोक्त 3.मोहम्मद फैजान उपरोक्त ने असलहा खरीदने वाले एक अन्य अभियुक्त मोनू भारतीया पुत्र नरेश भारतीया निवासी चाका बसंत का पुरा थाना नैनी जनपद प्रयागराज के संबंध में बताया कि हम लोगों से अवैध शस्त्रों की खरीद फरोख्त करता है कि सूचना पर आज दिनांक 18.03.2024 को अभियुक्त मोनू भारतीया उपरोक्त को पुराने यमुना पुल के नीचे थाना क्षेत्र नैनी से गिरफ्तार कर, कब्जे से खरीदा हुआ 01 अवैध तमंचा .12 बोर बरामद किया गया । गिरफ्तारी / बरामदगी के संबंध में अभियुक्त मोनू भारतीया उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-160/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । अभियुक्तों उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पुलिस द्वारा कुशल पैरवी करते हुए श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विकशन के तहत शीघ्र सजा दिलाने की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी




**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-** 1.अतुल सोनकर उर्फ रिषु पुत्र स्व0 रामनरेश सोनकर नि0 चाका दोसी का बगीया थाना नैनी प्रयागराज, उम्र करीब 21 वर्ष । 2.विजय कुमार सोनकर पुत्र लालचन्द्र सोनकर नि0 लिप्टन कालोनी सब्जी मण्डी थाना नैनी प्रयागराज, उम्र करीब 30 वर्ष । 3.मोहम्मद फैजान पुत्र मोहम्मद फारूख नि0 चक रघुनाथ नैनी बाजार थाना नैनी प्रयागराज, उम्र 21 करीब वर्ष । 4.विकास गुप्ता पुत्र संतोष गुप्ता नि0 ग्राम धनुहां मामा भान्जा का तालाब थाना नैनी जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष । 5.मोनू भारतीया पुत्र नरेश भारतीया निवासी चाका बसंत का पुरा थाना नैनी प्रयागराज, उम्र करीब 20 वर्ष

**पंजीकृत अभियोगों का विवरण-** 1.मु0अ0सं0-157/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना नैनी कमिशन्रेट प्रयागराज । 2.मु0अ0सं0-158/2024 धारा 3/5/25 आयुध अधि0 थाना नैनी कमिशन्रेट प्रयागराज । 3.मु0अ0सं0-160/2024 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना नैनी कमिशन्रेट प्रयागराज । **आपराधिक इतिहास- अभियुक्त विजय कुमार सोनकर उपरोक्त-** 1.मु0अ0सं0-923/2017 धारा 323/504/506 भा0द0वि0 थाना नैनी प्रयागराज । 2.मु0अ0सं0-748/2020 धारा 188 भा0द0वि0 थाना नैनी प्रयागराज **बरामदगी का विवरण-** 01 अवैध तमंचा .312 बोर, 01 अवैध तमंचा .12 बोर, 01 रिवाल्वर .32 बोर, 02 अवैध पिस्टल 32 बोर, 03 अवैध तमंचा .315 बोर, 01 अवैध अर्धनिर्मित तमंचा .12 बोर, 02 अवैध अर्धनिर्मित तमंचा .315 बोर, 06 अवैध कारतूस व अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण।

# प्रेस क्लूब में विश्वकर्मा महासभा की प्रदेश स्तर की एक बैठक रखी गयी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** धारा न्यूज़ शुभारम्भ विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नमामिगंगे लखनऊ के संयोजक भाजपा नेता मा0 महेन्द्र विश्वकर्मा जी ने भगवान विश्वकर्मा की चित्र पर माला एवं पुष्प चढ़ाकर एवं दीपप्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 महेन्द्र विश्वकर्मा जी ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व वाले केन्द्र की सरकार और प्रदेश की मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने हर गरीब मजदूर, मजबूर, असहाय किसान, विधवा, विकलांग, नौजवान, व्यापारियों के लिये तमाम तरह के कल्याणकारी योजनायें चला रही है, चाहे शिक्षा के क्षेत्र हो, कृषि का क्षेत्र हो, व्यवसाय का क्षेत्र हो, सभी क्षेत्रों में विकास का कार्य किया जा रहा है। गरीबों को फ्री आवास, गैस कनेक्शन, राशन, बिजली कनेक्शन, बेटियों के जन्म से लेकर शादी तक का कल्याणकारी योजनायें चलायी हैं, जिससे बेटी माँ-बाप का बोझ न बन सके। भाजपा ने विश्वकर्मा समाज के सम्मान में कई राज्यों की सरकार में कई महत्वपूर्ण एम0एल0सी0, सांसद, मंत्री, निगम का चेयरमैन, केन्द्र में मंत्री और पी0एम0 विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना चलाकर विश्वकर्मा समाज का प्रदेश व देश ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बढ़ाया है। इसके साथ ही भाजपा ने पार्टी संगठन में सैकड़ों विश्वकर्मा समाज के लोगों को अहमद पदों पर जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के हर कोने से आये हुए सभी कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि विश्वकर्मा समाज के सम्मान में और देशहित में अपने-अपने लोकसभा क्षेत्र में जाकर भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में वोट कराने की अपील करें और सभी को भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को बतायें, जिससे फिर मोदी सरकार केन्द्र में आ सके और हमारे विश्वकर्मा समाज का कल्याण हा सके। अभी तक हमारे समाज का वोट बैंक के रूप में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी, बहुजन समाज पार्टी ने सिर्फ सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया था और हमारे समाज का शोषण किया। सपा, कांग्रेस, बसपा सरकार में विश्वकर्मा समाज की हत्या, लूट, छिनैती, जमीन पर अवैध कब्जा और बेटियों के साथ बलात्कार हुआ। विश्वकर्मा समाज की सच्चा हितैषी भारतीय जनता पार्टी है। सपा ने झूठ का आवासीय पट्टा, हाईस्कूल, इण्टर पास बेटा-बेटियों को आई0टी0आई0 का प्रमाण-पत्र जारी करने का झूठा प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीता धीमान प्रदेश अध्यक्ष, महिला मोर्चा विश्वकर्मा महासभा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मार्कण्डेय शर्मा प्रदेश प्रभारी विश्वकर्मा महासभा एवं एम0एल0सी0 प्रतिनिधि ने किया उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थिति पुष्पा झाँ, सरोज विश्वकर्मा, लल्लन विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, डा0 मधुसूदन विश्वकर्मा, ऊषा विश्वकर्मा, संगीता विश्वकर्मा, मंजू विश्वकर्मा, अनुष्का विश्वकर्मा, पूजा विश्वकर्मा, सुशीला विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, दिलीप विश्वकर्मा, सुभाष विश्वकर्मा, छविश्याम विश्वकर्मा, उमाशंकर शर्मा, भारत विश्वकर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा, कपिल पंचाल, अंकुश पंचाल, माधुरी विश्वकर्मा, प्रतिमा विश्वकर्मा, लता विश्वकर्मा, रंजू विश्वकर्मा, कंचन विश्वकर्मा, बब्लू शर्मा, राजकुमार विश्वकर्मा, मनोज शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित थे।






# बीते दिनों सड़क दुर्घटना में हुए घायल अधेड़ की हुई मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सदर कोतवाली क्षेत्र के पारसी पांडे गांव के समीप बीते 3 तारीख देर शाम 65 वर्षीय अधेड़ सड़क क्रॉस करते वक्त अज्ञात बाइक सवार की चपेट में आने से हुआ घायल मंगलवार की सुबह हुई मौत। मृतक के बड़े बेटे ललवर्ती यादव ने बताया कि बीते 3 तारीख को देर शाम बनारसी यादव 65 वर्षी पुत्र स्वर्गीय बुझावन यादव निवासी पारसी पांडे जो अपने घर के लिए जा रहे थे सड़क क्रॉस करने के दौरान अज्ञात बाइक के चपेट में आ गए आसपास के लोगों द्वारा हम लोगों को सूचना दी गई मौके पर पहुंचकर उनका जिला अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया वही दवा इलाज चलते-चलते दो दिन पूर्व वाराणसी के चिकित्सकों ने भी जवाब दे दिया पुणे पिताजी को घर लाकर दवा इलाज कराया जा रहा था कि मंगलवार की सुबह अचानक तबीयत खराब हुई और उनकी मृत्यु हो गई वहीं पीडि़त परिजनों द्वारा बीते दिनों हुई दुर्घटना को लेकर संबंधित पुलिस थाना को एप्लीकेशन देकर मामले की जांच करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई।



# अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने होली मिलन का आयोजन किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** नोएडा डीसेंट पब्लिक इंटर कॉलेज दादरी में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा मौजूद रहे इनके साथ पूर्व मंत्री सतीश शर्मा महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जेके गॉड राष्ट्रीय प्रचार मंत्री देवेंद्र भारद्वाज एनसीआर के अध्यक्ष नरेश पाल कौशिक महिला बैंक की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती दिग्विजय दीक्षित मौजूद रही कार्यक्रम के आयोजक मंडल में प्रदेश महामंत्री परमानंद शर्मा नगर अध्यक्ष मांगेराम शर्मा जिला अध्यक्ष शर्मा कार्यकारी जिला अध्यक्ष उमेश शर्मा जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा नगर कोषाध्यक्ष विजय शर्मा नगर महामंत्री रतन वीर शर्मा जिला महामंत्री रामकुमार शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू पंडित मंडल मंत्री केके शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे इस कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष गायत्री तिवारी महामंत्री पूजा शर्मा जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर एडवोकेट निधि शर्मा हुआ उनके साथ कई महिलाएं कार्यक्रम में थी जिनको अजीवन मेंबर सदस्य दी गई कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पंडित पीतांबर शर्मा द्वारा की गई । सभी ने एक मत से ब्राह्मणों को एक झंडे के नीचे आने का आवाहन किया करीब 1:00 बजे अभी हाल में उत्तर प्रदेश की कैबिनेट में मंत्री बनाए गए सुनील शर्मा कार्यक्रम में आए प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के पदाधिकारी जिले के पदाधिकारी महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी ने मंत्री जी का स्वागत किया इस मौके पर वित्तविहीन संस्था के पदाधिकारी यतेंद्र शर्मा धर्मेंद्र शर्मा, टीकाराम शर्मा आदि को आजीवन सदस्यता दिलाई गई इस मौके पर सुनील शर्मा प्रदीप शर्मा पुरुषोत्तम शर्मा सुरेंद्र शर्मा डॉ सुभाष त्यागी नोएडा एम्पलाइज एसोसिएशन के पूर्व महासचिव अशोक शर्मा दादरी तहसील के सभा के अध्यक्ष विनोद शर्मा सरकारी अस्पताल के अधीक्षक संजीव सारस्वत डेंटल विभाग की अध्यक्ष डॉक्टर बिंदु चतुर्वेदी हिंडन पर गाजियाबाद के अध्यक्ष नितिन शर्मा , एसके शर्मा श्रीराम शर्मा आदि आदि सैकड़ो लोग कार्यक्रम में उपस्थित थे । प्रदेश अध्यक्ष ने कहा हम किसी जाति और धर्म के खिलाफ नहीं है हम किसी पार्टी के फेवर और विरोधी नहीं है हम सिर्फ ब्राह्मणों के वेलफेयर की बात करते है।

# शिक्षक की हत्या से जनपद मे मूल्यांकन का बहिष्कार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** जनपद वाराणसी से यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर गए सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की उन्हीं के सुरक्षा मे लगे सुरक्षा कर्मी सिपाही चंद्र प्रकाश द्वारा हत्या किए जाने के विरोध में जनपद के दोनो मूल्यांकन केन्द्रों रुपए मुआवजा राशि सरकार द्वारा दी जाए।साथ ही उत्तर पुस्तिका पहुँचाने व लाने की जिम्मेदारी से शिक्षकों को मुक्त किया जाय। इस मौके पर माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा सोनभद्र के जिलाध्यक्ष एवं वाराणसी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रभारी उमाकांत मिश्र, राजकीय शिक्षक संघ उत्तर



राजा शारदा महेश इण्टर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबट्र्सगंज सोनभद्र के परीक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से मूल्यांकन का बहिष्कार किया गया। माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा,उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एवं राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश मूल संघ एवं पाण्डेय गुट समेत सभी संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से पीडि़त को न्याय दिलाए जाने की मॉग की गई। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव को सौंपा गया।सभी संगठनों द्वारा मॉग की गई कि दोषी को कठोरतम सजा दी जाए तथा पीडि़त परिवार को दस करोड प्रदेश मूल संघ के प्रान्तीय कार्यकारी महामन्त्री अशोक कुमार अवाक, जिला अध्यक्ष राजन चतुर्वेदी, जिला मंत्री अमर सिंह, पाण्डेय गुट के जिलाध्यक्ष मिथिलेश गोस्वामी, जिला मंत्री सत्यनारायण कननैजिया, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष डी.पी.सिंह,शिक्षक महासभा के महामंत्री मुस्तकीन,उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार राव,जिला मंत्री संतोष सिंह, विवेकानन्द मिश्र, भावना शुक्ला, दिल मुहम्मद, कुलदीप सिंह यादव, राकेश शुक्ला, राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्त विहीन विद्यालयों की शिक्षिका? और शिक्षक भारी संख्या में मौजूद रहे।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि की टीम दुकानों पर की छापेमारी लिए नमूने

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** होली पर्व के अवसर पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा मिलावटी दिनांक 24.03.2024 तक खाद्य एवं पेय पदार्थ विशेषकर खोया, पनीर, दुग्ध उत्पाद से निर्मित खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, राबट्र्सगंज बाजार स्थित एक प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ पानी किनले ब्राण्ड का नमूना संग्रहित किया गया। संग्रहित सभी नमूनों को जॉच हेतु



खोवा कुल 31 किलो जिसका मुल्य 7750.00 रूपये नष्ट कराते हुए कुल 7 नमूनें संग्रहित किया गया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0, लखनऊ तथा जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र के आदेश के अनुपालन में सहायक आयुक्त (खाद्य)-घ्घ, सोनभद्र के निर्देशन में आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से अपने जनपद में स्थित प्रत्येक निर्माण इकाई / रिलेबलर / पैकर, कोल्ड स्टोरेज / भण्डारण इकाइ्यों एवं सम्बन्धित मण्डियों का दिनांक 15.03.2024 से दिनांक 17.03.2024 तक निरीक्षण कर, अभिसूचना एकत्रित कर, दिनांक 18.03.2024 से रंगीन कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिनन्‍ प्रकार की मिठाइ्यों, अन्य खाद्य पदार्थ यथा बेसन, मैदा आदि में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से एवं अभिसूचना आधारित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा आज दिनांक 18.03.2024 को सरंगा शाहगंज स्थित एक खाद्य निर्माण प्रतिष्ठान खाद्य पदार्थ खोवा का एक नमूना तथा दूध का एक नमूना। फूलवारी पुरना स्थित एक खाद्य निर्माण प्रतिष्ठान खाद्य पदार्थ 2 खोवा का एक नमूना। घोरावल बाजार स्थित एक खाद्य विक्रय प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ बॉस ब्राण्ड स्वादिष्ट सुपारी का एक नमूना तथा वी0आई0पी0 ब्राण्ड नमकीन का एक नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य विश्लेषक को भेजा जा रहा है। खाद्य विश्लेषक की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उपस्थित आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थ के प्रति जागरूक किया गया तथा खाद्य करोबारकर्ताओं को खाद्य लाइसेंस / पंजीकरण प्राप्त कर खाद्य कारोबार करने हेतु निर्देशित किया गया। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य)-11, सोनभद्र, सुशील कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, राम सुन्दर प्रसाद, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बी0एस0 मंगलमूर्ति, प्रमोद कुमार सोनकर तथा शरद पाल शामिल थें।




# उतरांव थाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, अफीम की अवैध खेती का किया पर्दाफाश



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र के रेहथु गांव में हो रही थी अवैध खेती थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने अफीम के पौधे नष्ट कराए पुलिस राजस्व, आबकारी विभाग की ने की कार्रवाई अफीम की अवैध खेती करने वाला किसान हुआ फरार एसीपी हंडिया पंकज लवानिया भी मौके पर रहे मौजूद।।

# दो वांछित वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र से माननीय के क्रम में डाला पुलिस चौकी क्षेत्र से दो अलग -अलग मुकदमा में वांछित 2 वारंटी अभियुक्त कमलेश



न्यायालय के आदेश पर दो अलग-अलग मुकदमा में वांछित वारंटी दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया वही इस संबंध में डाला चौकी इंचार्ज राजेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय न्यायालय व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में जिले में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान तहत माननीय न्यायालय के आदेश तिवारी पुत्र गोपाल तिवारी निवासी डाला चढ़ाई व अली हसन पुत्र निजामुद्दीन निवासी सेक्टर बी चौराहा को भरण पोषण मामले में उनके घर से सोमवार की सुबह मुकदमा नंबर 824/12 एवं 280/22 के तहत गिरफ्तार कर मा. न्यायालय के समक्ष उपस्थित किया जा रहा है इस दौरान चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह हे0 का0 मंजेश सिंह हे0 का0 शिवशरण बिंद शामिल रहे।

# दो दिवसीय मंडल स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**ओबरा।** खैरटिया स्थित ओम चौराहे के निकट आयोजित दो दिवसीय मंडल स्तरीय बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन सकुशल संपनन्‍ हुआ । जिसमे रविवार 17 मार्च को फाइनल मैच खेला गया। जिसकी टीम ग्रामीण में खैरटिया बी एवम परसोई के बीच मुकाबला हुआ । खैरटीया बी विजयी एवम परसोई टीम उपविजेता रही। शहरी टीम में चतरा एवं मुसाखाड़ टीम के बीच खेला गया मैच काफी रोमांचक रहा। इस मुकाबले में शहरी टीम में चतरा की टीम विजेता रही ।मुसाखड की टीम उपविजेता घोषित हुई ।

# फूल माला रंगोली फगुआ गीतों से मना होली मिलन समारोह

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** उड़ान सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से मंगलवार को सदर ब्लाक स्थित अकड़हवा तालाब के पास राम जानकी मंदिर परिसर में








महिलाओं ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि मीनू चौबे के साथ विशिष्ट अतिथि पुष्पा सिंह व चित्रा जालान ओर कोमल पांडेय मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पूजन के बाद महिलाओं एक दूसरे के गुलाल लगा कर होली की शुभकामनाएं दी। राम जानकी मंदिर परिसर में उड़ान सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष की महिलाएं व समूह के साथ नगर के ब्यापारी वर्ग से एकत्रित हुई जिसमें महिलाओं ने होली समारोह का आयोजन किया । होली मिलन समारोह में सबसे पहले दीप प्रज्वलित और पूजन कर शुरुआत की गई। इसके बाद महिलाओं ने होली के गानों पर डांस और कविताओं भी सुनाई तो वहीं समिति की अध्यक्ष मीनू चौबे ने होली के गाना सुनाकर एक दुसरे के गुलाल ओर फुलों की होली भी खेलीं। तो वहीं महिलाओं ने गेम, होली डांस ओर भजनों पर नृत्य कर ग्रुप डांस कर होली मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर कोमल पांडेय ने कहां की यह त्यौहार रंगों भरा हैं इस लिए हमें यह पर्व बिना भेदभाव के साथ मनाना चाहिए। किसी से गिला शिकवा दूर कर होली के रंग लगा ओर गले मिलकर होली पर्व मनायें। साथ हीं होली के दिन पानी की बर्बादी ना करें गुलाल का प्रयोग करें केमिकल के रंगों का इस्तेमाल न करें क्योंकि उसे चेहरे पर नुकसान होता है इसकी जिम्मेदारी हम सबको लेनी है । भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने कहां कि हर साल होली के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का आयोजन समिति करती रही हैं। उसी क्रम में इस साल भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। फूल और गुलाल की होली खेली गई। हम एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में कोमल लता को समिति की महिलाओं नेढोल ताशे के साथ फूल माला पहनाकर उपहार देकर स्वागत किया इसके उपरांत ढोलक बजाकर शिव पार्वती के होली पर्व गीत कव्वाली भजन गाकर लोगों का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर प्रीति वर्मा,सीमा पांडेय,छाया तिवारी ,निशा ,आराधना, माया, उर्मिला ,शशिकला गुड्िया त्रिपाठी ने एक से बढकर एक होली गीत और भजन प्रस्तुत किया।

# फूलों की होली के साथ कथा का विश्राम, हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** सोनभद्र के उरमौरा स्थित दीनदयाल नगर में चल रही सप्त दिवसीय भागवत कथा का मंगलवार को समापन हो गया। कथा के सातवें दिन वृंदावन से आये कलाकारों के साथ फूलों की होली खेल भक्तों ने खूब आनंद लिया। राधारानी के जयकारे के साथ समूचा पंडाल व क्षेत्र चौरासी कोस ब्रज सा प्रतीत हो रहा था। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें दूर दराज से आए हजारे लोगों ने भंडारे का प्रसाद



ग्रहण किया। दीनदयाल नगर के सुरेंद्र कुमार प्रजापति द्वारा आयोजित इस भागवत कथा में वृंदावन से आए कलाकारों ने अपनी संजीव प्रस्तुति से भक्तों का मन मोह लिया आखिरी दिन बरसाने की होली का सजीव मंचन देख भक्ति भाव विभोर हो गए फूलों की होली खेल कर भक्तों ने अपने आप को वृंदावन में होने का आनंद उठाया। अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता संदीपनी शिक्षा संस्थान श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य श्री रसराज मृदुल जी महाराज द्वारा भक्तों को भागवत के बताए रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया और सभी भक्तों को इसका अनुसरण करते हुए मोह माया त्याग अपने जीवन में दुखों का निवारण कर सकते है।कथा के उपरांत यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें आसपास के कई गांव के भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया कथा का आयोजन सुरेंद्र कुमार प्रजापति व मंगल प्रजापति ने किया था वह संयोजन अरुण कुमार केसरी ने किया इस दौरान कमलेश यादव, मयंक पांडे,राजकुआंर यादव,नाथूराम प्रजापति,सुदामा प्रजापति, अभय कुमार दुबे,नान्हैया लाल यादव,हरिमंगल,निभय , बबलू समेत भारी संख्या में धर्मप्रेमी भक्त जन उपस्थित रहे।

# ओबरा थाना क्षेत्र के सेक्टर एक अधिकारी लाइन के पास तेज रफ्तार मारुति अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलटी, एयरबैग खुलने से यात्री सुरक्षित

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**ओबरा।** ओबरा थाना क्षेत्र के सेक्टर एक अंतर्गत अधिकारी लाइन के पास मंगलवार की दोपहर में अचानक एक तेज रफ्तार अनियंत्रित मारुति अर्टिगा कार अनियंत्रित होकर पलट गई । राहत की बात यह रही की हादसे में एयरबैग खुल गया, जिससे कार में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। स्थानीय लोगों की माने तो गाड़ी की रफ्तार तेज होने के कारण हुआ हादसा। कार अनियंत्रित होकर ऑफीसर्स क्वार्टर में टकराई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी।



# जनपद में विकास एवं निर्माण कार्यों से सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी/विभाग की सूची अविलम्ब मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय को कराया जाये उपलब्ध

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 की घोषणा कर दी गयी है, लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 हेतु प्रभावी आचार संहिता के दृष्टिगत जनपद में विकास एवं निर्माण से सम्बन्धित जो भी कार्य जनपद स्तर पर शुरू हो चुके हैं एवं नये काम जो अभी तक शुरू नहीं हुए हैं, की अलग-अलग सूची अधिसूचना जारी होने के कारण तत्काल सूची मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र को सभी निर्माण एजेन्सी के नोडल अधिकारी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें, किसी अधिकारी की सूचना समय से प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि उनकी सूचना शून्य है और तदोपरान्त आचार संहिता उलंघन अथवा किसी अन्य विपरीत परिस्थिति के सम्बन्धित विभाग/कार्यदायी संस्था के अधिकारी जिम्मेदार होंगें।

# लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 से सम्बन्धित कार्यों में लगाये गये अधिकारी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत



निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 सम्बन्धी कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गयी है, उक्त के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में निर्वाचन सम्बन्धित कार्यों को सुचारू रूप से सम्पनन्‍कराने तथा समयबद्ध सूचनाओं/रिपोर्टों के प्रेषण में कोई विलम्ब न होने के दृष्टिगत यह निर्देशित किया जाता है कि बिना उक्त कार्यों में लगे समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बिना जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुमति के मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी, उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाये।

# प्रदेश के कोषागारों में ई-पेमेन्ट लागू होने के फलस्वरूप दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि समस्त आहरण वितरण वित्तीय वर्ष 2013-14 से समस्त भुगतान ई-पेमेन्ट के माध्यम से किया जा रहा है, ई-पेमेन्ट में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के सम्बन्ध में समय-समय पर शासनादेश निर्गत होते रहे है, प्राप्त बजट के सापेक्ष ससमय भुगतान में अपनायी जाने वाली प्रक्रिया एवं देयकों के सूचारू रूप से निस्तारण हेतु अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है, उन्होंने बताया कि समस्त आहरण वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल विलम्बतम् 25 मार्च,2024 तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जायें। कोषागार द्वारा 25 मार्च 2024 तक प्राप्त हुए बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेन्ट के माध्यम से 31 मार्च 2024 तक भुगतान हेतु अथराइजेशन किया जा सके, क्योंकि 31 मार्च 2024 तक पारित बिलों का भुगतान ई-पेमेन्ट द्वारा 31 मार्च 2024 को रात्रि 21.00 बजे तक ही भुगतान किया जा सकेगा। वित्तीय वर्ष के अन्तिम माह में प्रस्तुत देयकों को सम्बन्धित कार्यालय ध् आहरण वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार तैयार कर वांछित स्वीकृति आदेश आदि प्रपत्र के साथ भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाय, जिससे देयकों के निस्तारण में कोई व्यवधान या विलम्ब न हो। उपरोक्त निर्देश का कड़ाई से अनुपालन किया जाये, उक्त का अनुपालन न करने तथा सामयिक आहरण के अभाव में किसी धनराशि के व्यपगत हो जाने पर सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी उत्तरदायी।

# बच्चों का कराया गया एक्सपोज़र विजिट

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की समझ को बेहतर बनाने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर करमा ब्लॉक के कक्षा 6,7 व 8 के 100 बच्चों का



एक्सपोज़र विजिट कराया गया जिसमें बच्चों को सर्वप्रथम फासिल्स पार्क सलखन का भ्रमण कराया गया जिसमें बच्चों को विज्ञान एआरपी राधेश्याम पाल,एआरपी राजकुमार मौर्य,एआरपी नवीन कुमार राय, आशीष निरंजन,विज्ञान शिक्षिका रानी अनुपम सिंह, दीपक, भगवानी व अन्य शिक्षकों ने बच्चों को जीवाश्म दिखाकर उसके बारे में बताया व समझाया। बच्चों ने भी काफ़ी रुचिपूर्ण व उत्साहपूर्वक वहाँ पर जीवश्म के बारे जाना।उसके बधाई बच्चों को डाला सीमेंट फैक्ट्री का भ्रमण कराते हुए सभी बच्चों को सीमेंट बनने की प्रक्रिया के बारे में बताया व समझाया गया। इसके पश्चात् सभी बच्चों को रिहन्द बाँध का भी भ्रमण कराया गया जहाँ बच्चों को वहाँ के टेकिनशियन व शिक्षकों के द्वारा पानी से बिजली बनाने की प्रक्रिया का दिखाते व समझाते हुए उन्हें पानी से बिजली बनाने की प्रक्रिया को भी दिखाया व समझाया गया। सभी बच्चे बहुत ही जिज्ञासु और उत्साहित दिखे। इस भ्रमण कार्यक्रम में एआरपी राजकुमार मौर्य, एआरपी राधेश्याम पाल, एआरपी नवीन राय, आशीष निरंजन, अनवर हुसैन, देवेंन्द्र, अभिषेक, नितेश, शिव पूजन, रानी अनुपम, भगवानी,छाया, मनीष पटेल, दीपक सहित सभी भ्रमण करने वाले बच्चे भी उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता को लेकर शिक्षको की बैठक सम्पन्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** मंगलवार को माह मार्च 2024 की संकुल शिक्षक बैठक का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय जोगिया मंदिर राबट्र्सगंज पर किया गया है। बैठक का समय 3:00 बजे से 5:00 बजे तक था। आज की संकुल बैठकसंकुल गायत्री त्रिपाठी व रंजना पांडे के स्कूलों की बैठक आयोजित की गई थी । मंगलवार की बैठक के मुख्य अतिथि एस आर जी संजय मिश्रा व विनोद कुमार थे । आज की संकुल शिक्षक बैठक में मतदाता जागरूकता हेतु संकुल में आनंद त्रिपाठी के द्वारा मतदाताओं को सम्मानित किया गया जिसमें कुछ मतदाता 18 वर्ष के थे जो प्रथम बार मतदान करने जा रहे हैं । आज की बैठक में सभी शिक्षकों ने अपनी बेस्ट प्रैक्टिसेज का वीडियो और टी एल एम को सभी के साथ शेयर किया त् परीक्षा से पूर्व की तैयारी के लिए सभी ने अपने विद्यालय पर क्या कार्य योजना बनाई है, क्या तैयारी की है इस पर चर्चा हुई त् सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने विद्यालय की निपुण आकलन रिपोर्ट को एक दूसरे के साथ साझा किया त् सभी प्रतिभागियों द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 की कार्य योजना के विषय पर चर्चा की गई त् बैठक के अंत में एस आर जी संजय मिश्रा और विनोद कुमार जो के द्वारा सभी को नए शत्र की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा किया गया।



# सात-दिवसीय विशेष शिविर का पांचवा दिन; राष्ट्र निर्माण का आध्यात्मिक संदर्भ

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजनाः




इकाई प्रथम एवं तृतीय के संयोजन में सात-दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रत) के पांचवे दिन 19 मार्च 2024 को चिल्काडांड स्थित पंचायत भवन में 'शांति पाठ' के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शिविर के प्रथम भाग में अन्तःक्रियात्मक सत्र का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री पाणी पंकज पाण्डेय, वरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन, एनसीएल सिंगरौली ने सहभाग किया। आपने ठराष्ट्र निर्माण में आध्यात्म की भूमिकाठ विषय पर विचार विमर्श करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण का एक प्रमुख तत्व मानव है और यह मूल्यों का एक पूंज भी है। आत्म विकास से मानव मूल्य सृजित होते है जो पारिस्थितिक तंत्र को नियंत्रित करते हैं। सृष्टि का प्रत्येक तत्व सतत् समाज निर्माण का आधार है। शिविर के द्वितीय सत्र में 'भाषा और राष्ट्रीय एकीकरण' विषय पर विचार करते हुए डॉ मानिक चंद पाण्डेय वरिष्ठ प्राध्यापक हिन्दी, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शक्तिनगर परिसर ने जोर दिया कि भाषा दिलों को जोड़ने का काम करती है। अतः भारतीय सामाजिक एकीकरण के लिए भाषाई विविधता में एकता के प्रयास की आवश्यकता है और इसमें एनएसएस महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी क्रम में डॉ रणबीर प्रताप सिंह प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग ने एनएसएस की स्थापना और राष्ट्र निर्माण में युवा सहभागिता पर प्रकाश डाला। डॉ दिनेश कुमार वरिष्ठ प्राध्यापक वाणिज्य संकाय ने एनएसएस लक्ष्य गीत का गायन प्रस्तुत किया। डॉ महेश कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ प्राध्यापक संस्कृत ने एनएसएस को हम सुधरेंगे जग सुधरेगा के नारे से जोड़कर कर्तब्य और अधिकार को परिभाषित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभाकर लाल ने अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया और डॉ विनोद कुमार पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी ने मंच का संचालन किया। भोजनावकाश के पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें डॉ छोटेलाल प्रसाद, डॉ मृतुंजय कुमार पाण्डेय, डॉ अविनाश कुमार दुबे और अमित कुमार सिंह ने सहभाग किया। शिविर में स्वयंसेविका ज्योति, सपना और आर चित्रा ने कविता पाठ किया। विशेष शिविर 15 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 तक पंचायत भवन चिल्काडांड ग्राम में 100 स्वयंसेवक और 02 कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभाकर लाल और डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय के निर्देशन में पूर्ण होना है जिसमें अनीष, संदीप, विनित, मनीष, शिवम, विनित, हरिओम, पूजा, पूनम, नम्रता,अस्मिता, ग्रेसी, खुशी का सराहनीय योगदान रहा।

# हौसला बंद चोरो ने एक ही रात मे तीन स्थानो पर लाखों से अधिक नगदी जेवर की चोरी, मचा हडकंप

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**गुरमा, सोनभद्र।** चोपन थाना अन्तर्गत गुरमा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मारकुंडी मे ओबरी टोले मे सोमवार की बिती रात्र आज्ञात चोरो का आतंक रहा, हौसला बंद चोरो ने ओबरी निवासी दीनदयाल देव पांडेय पुत्र स्वः वेद देव पांडेय के मकाना का ताला तोड़कर एक लाख दस हजार नगदी समेत सोने की चैन एव अंगुठी समेत अन्य सामान चुरा ले गये। पीड्ित के मुताबिक उस रात अपने रिस्तेदार के यहा गया हुआ था जब सुबह अपने आवास पहुँचा तो चोरी की घटना देख हैरान रह गया घटना की तत्काल सूचना मेरे पीआरपी 112 समेत गुरमा पुलिस चौकी को दी है।वही पास के ही रहने वाली सलमा खातुन पतनी मुन्वर खाँ के घर मे चोरो ने घुसकर हजारो की नगदी समेत जेवरात चूरा ले गए। पास ही रहने वाले मो0 असगर टायर मिस्री के दुकान मे लोहे की रीम,कमप्रेसर मशीन, प्रेसर जक समेत अन्य अपकरण चोरी कर ले गए। सभी ने सूचना पुलिस को दी है।इससे पूर्व ओबरी टोले एव अवई टोले मे लाखो की नगदी समेत सोने के आभूषण भी चोरी हो चूका है जिसका खुलासा आज तक नही होने से चोरो मनोबल बढा हुआ है।



# शिक्षक की हत्या के विरोध मे दूसरे दिन भी ठप रहा मूल्यांकन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** सभी संगठनों के शिक्षक नेताओं की अगुवाई मे नगर क्षेत्र मे नारे बाजी कर जताया विरोध मृतक



शिक्षक के परिजनों को एक करोड़ रुपया मुवायजा के साथ महिला शिक्षिकाओं के साथ महिला पुलिस की ड्यूटी लगाने की रखी मांग सोनभद्र- जनपद वाराणसी से यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर गए सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार की उन्हीं के सुरक्षा मे लगे सुरक्षा कर्मी सिपाही चंद्र प्रकाश द्वारा हत्या किए जाने के विरोध में जनपद दूसरे दिन भी दोनो मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य पुरी तरह ठप रहा। राजा शारदा महेश इण्टर कॉलेज एवं राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज राबट्र्सगंज के कोठार के ताले तक नही खोले गये। सभी परीक्षकों द्वारा सामूहिक रूप से मूल्यांकन का बहिष्कार किया गया। माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा,उत्तर प्रदेश संगठन, माध्यमिक शिक्षक संघ एवं राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश मूल संघ एवं पाण्डेय गुट समेत सभी संगठनों द्वारा सामूहिक रूप से पीड्ति को न्याय दिलाए जाने की मॉग की गई। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद यादव को सौंपा गया।सभी संगठनों द्वारा एक स्वर से मॉग की गई कि दोषी को कठोरतम सजा के साथ तथा पीड्ति परिवार को एक करोड रुपए मुआवजा राशि सरकार द्वारा दी जाए।साथ ही उत्तर पुस्तिका पहुँचाने व लाने की जिम्मेदारी से शिक्षकों को मुक्त किया जाय। साथ ही लोकसभा चुनाव मे महिला शिक्षिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए महिला शिक्षिकाओं के साथ महिला पुलिस कर्मी की ड्यूटी लगाए जाने की जिलाधिकारी से मांग की गयी।आक्रोशित शिक्षकों द्वारा दूसरे दिन राबट्र्सगंज नगर क्षेत्र मे अपनी मांगो के लिए जमकर नारेबाजी किया,पुनः शिक्षकों का हुजूम वढौली चौराहा पहुंचा,जहाँ पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुनः जी जी आई सी कालेज पर समाप्त किया गया।साथ कहा गया कि जब तक मांगे पुरी नही होती तब आंदोलन जारी रखा जायेगा।

# थाना कोन पुलिस द्वारा भिन्न -भिन्न स्थानों से 03 नफर वारंटीगण को किया गया गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**सोनभद्र।** आगामी लोक सभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन मे वांछित/वारण्टी अपराधियों की




गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 19.03.2024 को थाना कोन पुलिस द्वारा अलग-अलग अभियोगों से सम्बन्धित 03 नफर वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया । **गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-** 1. अविलेश अली पुत्र लेहाज अली निवासी ग्राम बरवाडीह थाना कोन जनपद सोनभद्र । 2. अरविन्द सिंह खरवार पुत्र ब्रह्मजीत निवासी ग्राम बरावाडीह, थाना कोन जनपद सोनभद्र । 3. डॉक्टर उर्फ सुशील पुत्र विद्यासागर निवासी ग्राम हर्रा टोला सलैयाडीह थाना कोन जनपद सोनभद्र **गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण-** 1. प्रभारी निरीक्षक लक्ष्मण पर्वत थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 2. 30नि0 धर्मदेव यादव थाना कोन, जनपद सोनभद्र। 3. हे0का0 रामदीन थाना कोन जनपद सोनभद्र। 4. हे0का0 संजय चौहान, थाना कोन जनपद सनभद्र। 5. का0 तुफान सिंह थाना कोन जनपद सोनभद्र ।


# धर्मशाला में देवदत्त पडिक्कल को मिला डेब्यू का मौका और टूट गया भारतीय क्रिकेट का 24 साल बाद पुराना रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मैच धर्मशाला में खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम ने प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए।पांचवें टेस्ट में देवदत्त पडिक्कल के डेब्यू के साथ ही भारतीय क्रिकेट का 24 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया। बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब भारतीय सरजमीं पर एक सीरीज में भारत के 5 खिलाड.ियों ने डेब्यू किया। देवदत्त पडिक्कल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं।जसप्रीत बुमराह की वापसी की वजह से आकाश दीप को बाहर का रास्ता दिखाया गया, जबकि रजत पाटीदार एक दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान इंजर्ड हो गए थे। ऐसे में उनकी जगह देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिला है। बीसीसीआई ने अपने एक्स पर यह जानकारी दी है।देवदत्त पडिक्कल के डेब्यू के साथ ही भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया। भारतीय क्रिकेट का 24 साल पुराना रिकॉर्ड धवस्त हो गया है।दरअसल, रोहित शर्मा ने जब पांचवें टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 का एलान करते हुए बताया कि देवदत्त पडिक्कल को डेब्यू का मौका मिला है, तो इस दौरान भारतीय क्रिकेट का 24 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया। बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब भारतीय सरजमीं पर एक सीरीज में भारत के 5 खिलाड.ियों ने डेब्यू किया।देवदत्त पडिक्कल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले पांचवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले इस सीरीज में रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल और आकाशदीप को भी डेब्यू करने का मौका मिला है।



# सचिन मास्टर्स 11 ने रोमांच से भरे मैच में अक्षय खिलाड़ी को रौंदा

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत में एक और क्रिकेट लीग की शुरुआत हो गई। इस बार बात जरा हटके है क्योंकि लीग लेदर बॉल नहीं बल्कि टेनिस से खेली जाएगी। जी हां, इंडियन ट्रीट प्रीमियर लीग का बुधवार को मुंबई के ठाणे में बने दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में रंगारंग आगाज हुआ। क्रिकेट फैंस अब टेनिस बॉल क्रिकेट का मजा स्टेडियम के अंदर बैठकर उठा सकेंगे और इसके लाइव प्रसारण का आनंद भी टीवी पर उठा सकते हैं।इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग 2024 का बुधवार को मुंबई के ठाणे में दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में शानदार आगाज हुआ। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार की टीमों के बीच एक प्रदर्शन मैच खेला गया। टेनिस बॉल से खेला गया 10 ओवर का यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा जिसमें सचिन की मास्टर्स को आखिरी गेंद पर जीत मिली।महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इस लीग का जोर-शोर से प्रचार कर रहे हैं, जिसके बाद यह लगने लगा है कि आईएसपीएल इस देश में कुछ अनोखा कारनामा करके दिखाएगी। वैसे, यह कहना जल्दबाजी होगी कि इस टेनिस लीग का भविष्य क्या है, लेकिन आईपीएल की तर्ज पर शुरू की गई लीग का एक्शन रोमांच से भरपूर रहने वाला है। इसका सबूत प्रदर्शनी मैच में देखने को मिला, जो सचिन तेंदुलकर और अक्षर कुमार की टीम के बीच खेला गया।सचिन मास्टर्स का मुकाबला अक्षय खिलाड़ी से हुआ। इस मुकाबले का टॉस अलग अंदाज में हुआ, जिसमें अक्षय कुमार ने बाजी मारी और फील्डिंग का फैसला किया। सचिन तेंदुलकर ने तब एक घोषणा करके फैंस का दिल जीत लिया।



# बिग बॉस विनर ने चटकाया सचिन तेंदुलकर का विकेट, किसी को नहीं हुआ यकीन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (2024) के पहले सीजन का आगाज बुधवार से हो गया। पहला मैच सचिन तेंदुलकर की टीम मास्टर्स इलेवन और अक्षर कुमार की खिलाड़ी इलेवन के बीच खेला गया। मास्टर्स इलेवन ने खिलाड़ी इलेवन को 5 रन से मात दी।2024 पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने 17 गेंद में 30 रन की विस्फोटक पारी खेली। सचिन ने अपनी पारी के दौरान अक्षय कुमार की एक गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। वहीं सचिन का विकेट बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी ने हासिल किया।पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिन की टीम ने 10 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 94 रन बनाए। सचिन तेंदुलकर ने 17 गेंद में 30 रन की विस्फोटक पारी खेली। सचिन ने अपनी पारी के दौरान अक्षय कुमार की एक गेंद पर गगनचुंबी छक्का लगाया। वहीं, सचिन का विकेट बिग बॉस विनर मुनव्वर फारूकी ने हासिल किया।सचिन तेंदुलकर का विकेट लेने के बाद मुनव्वर फारूकी की खुशी झूम उठे। उन्हें यकीन नहीं हो रहा था कि उन्होंने क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर का विकेट लिया है। वहीं, मास्टर ब्लास्टर भी मुस्कान के साथ पवेलियन लौटे। कमेंटेटर ने कहा कि सचिन के आउट होने पर स्टेडियम में सननटा छा गया है। वहीं, मास्टर्स इलेवन की तरफ से सचिन के अलावा यूसुफ पठान ने ताबतोड़ पारी खेली। यूसुफ पठान ने 10 गेंद पर 21 रन बनाए।बात करें मैच की तो लक्ष्य का पीछा करते हुए खिलाड़ी इलेवन 10 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 89 रन ही बना सकी। खिलाड़ी इलेवन की तरफ से मुनव्वर फारूकी ने 26 गेंद पर 26 रन की पारी खेली। वहीं, इरफान पठान ने 8 गेंद पर नाबाद 32 रन बनाए। हालांकि, पठान की यह आतिशी पारी भी टीम को जीत नहीं दिला सकी।




# गुजरात जायंट्स को मिली पहली जीत, बेंगलुरु को 19 रन से दी मात

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 19 रन की शानदार जीत के साथ अपनी चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया है। बुधवार को दिल्ली में चल रहे महिला प्रीमियर लीग (इ्थ) 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया। आरसीबी 8 विके्ट 180 रन ही बना सकी।गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वाड्र्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वाड्र्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वाड्र्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वाड्र्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।आरसीबी की तरफ से सोफी डिवाइन ने 3 ओवर में 0/37 और रेनुका ठाकुर 4 ओवर में 0/34 रन लुटाए। मोलिनक्स ने 4 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। वेयरहैम ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। आरसीबी की तरफ से कप्तान स्मृति मंधाना ने सात गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई। गुजरात के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए।लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। मेघना के रूप में पहला झटका लगा। मेघना 4 रन बनाकर रन आउट हुईं। स्मृति मंधाना ने 24 रन का योगदान दिया। एलिस पेरी भी कुछ खास नहीं कर सकीं और 24 रन बनाकर आउट हो गईं। सोफी डिवाइन ने 23 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने 30 की तेज पारी खेली।



# हमारे शर्मा जी राहुल द्रविड़ ने बताया कौन है टीम का सबसे शरारती खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। इससे पहले 5 मार्च से बिलासपुर के लुहणू स्थित क्रिकेट मैदान में खेल महाकुंभ की शुरुआत की गई। इसमें भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने हिस्सा लिया। खिलाड.ियों को मोटिवेट करने के दौरान राहुल ने बताया कि रोहित टीम के सबसे शरारती खिलाड़ी हैं केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 5 मार्च को बिलासपुर के लुहणू में संसद खेल महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रोहित और राहुल द्रविड़ ने खूब मस्ती की। इसी दौरान राहुल द्रविड़ से टीम के सबसे शरारती खिलाड़ी के बारे में सवाल किया गया।दरअसल, 5 मार्च को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बिलासपुर के लुहणू में संसद खेल महाकुंभ 3.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान रोहित और राहुल द्रविड़ ने खूब मस्ती की। इसी दौरान राहुल द्रविड़ से टीम के सबसे शरारती खिलाड़ी के बारे में सवाल किया गया।बता दें कि 7 मार्च से भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच धर्मशाला में खेला जाएगा। भारत ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।



# 100 टेस्ट मैच खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे अश्विन 92 साल में 4 भारतीय गेंदबाज कर पाए हैं ऐसा कमाल

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन धर्मशाला में अपने टेस्ट करियर का 100वां मैच खेलने उतरेंगे। वह 100 टेस्ट खेलने वाले भारत के 14वें खिलाड़ी बनेंगे। अश्विन यह मुकाम हासिल करने वाले दुनिया के 77वें खिलाड़ी होंगे।अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। अश्विन से पहले अनिल कुंबले कपिल देव ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें अंग्रेज खिलाड़ी बनेंगे।इसके अलावा अश्विन भारत के 92 साल के टेस्ट इतिहास में केवल पांचवें गेंदबाज होंगे, जो 100 या उससे ज्यादा टेस्ट खेलेंगे। अश्विन से पहले अनिल कुंबले, कपिल देव, ईशांत शर्मा और हरभजन सिंह ने यह उपलब्धि हासिल की है। अश्विन के अलावा इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो का भी यह 100वां टेस्ट मैच होगा। वह 100 टेस्ट खेलने वाले 17वें अंग्रेज खिलाड़ी बनेंगे।अश्विन से पहले 100 टेस्ट खेलने की उपलब्धि 13 भारतीय खिलाड़ी हासिल कर चुके हैं। इस लिस्ट में टॉप पर सचिन तेंदुलकर मौजूद हैं। दूसरे नंबर पर टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच राहुल द्रविड़ हैं। एक्टिव भारतीय खिलाड.ियों की बात करें तो विराट कोहली, चेतेश्वर पुजारा और ईशांत शर्मा अश्विन से पहले इस मुकाम तक पहुंच चुके हैं। हालांकि, ईशांत शर्मा ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 2021 में खेला था।बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला 7 मार्च से धर्मशाला में खेला जाएगा। भारत सीरीज में 3-1 से आगे है। आखिरी मुकाबला जीतकर भारत यह सीरीज खत्म करने की कोशिश करेगा। वहीं, इंग्लैंड जीत के साथ विदाई लेना चाहेगा।



# नजमुल हसन शान्तो के नाबाद अर्धशतक से जीता बांग्लादेश, श्रीलंका को 8 विकेट से मात देकर सीरीज की बराबर

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** सिलहट में खेले गए दूसरे टी20 मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। बांग्लादेश की इस जीत के साथ 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शान्तो ने नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 165 रन का स्कोर बनाया था।मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शानदार शुरुआत की। सौम्य सरकार और लिटन दास ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की। मथीशा पथिराना ने 26 के निजी स्कोर पर सौम्य सरकार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। टीम का स्कोर अभी 83 रन पर पहुंचा ही था कि पथिराना ने लिटन दास को 36 के स्कोर पर आउट कर दिया।मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शानदार शुरुआत की। सौम्य सरकार और लिटन दास ने पहले विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी की। मथीशा पथिराना ने 26 के निजी स्कोर पर सौम्य सरकार को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। टीम का स्कोर अभी 83 रन पर पहुंचा ही था कि पथिराना ने लिटन दास को 36 के स्कोर पर आउट कर दिया।दो विकेट गिरने के बाद कप्तान नजमुल हसन शान्तो और तौहीद हृदय ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। नजमुल हसन शान्तो ने नाबाद 53 रन बनाए। वहीं, तौहीद हृदय ने नाबाद 32 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से मथीशा पथिराना को दो विकेट मिले। इसके अलावा और कोई गेंदबाज विकेट नहीं ले सका।इससे पहले श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए थे। हालांकि, श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही। एक रन के स्कोर पर टीम ने पहला विकेट खो दिया। अविष्का फर्नांडो बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। कुसल मेंडिस के बल्ले से 36 रन निकले। कामिंदु मेंडिस ने 37 रन का योगदान दिया। सदीरा समरविक्रमा ने सात रन बनाए।



# सचिन ने आमिर को बनाया अपना आदर्श पहनी दिव्यांग खिलाड़ी के नाम की जर्सी

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।**दुनिया में क्रिकेट टूर्नामेंट्स का जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अलग-अलग देशों ने क्रिकेट लीग की शुरुआत की है। ऐसे में भारत में एक और क्रिकेट लीग की शुरुआत हो गई है। मुंबई में इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग (घ्एइ्थ) की शुरुआत की गई। पहला मुकाबला सचिन तेंदुलकर की मास्टर इलेवन और अक्षय कुमार की खिलाड़ी इलेवन के बीच आयोजित हैं। मैच के दौरान सचिन को कश्मीर के दिव्यांग आमिर हुसैन के नाम की जर्सी पहने हुए दिखाई दिए। मैच से पहले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू और कश्मीर को गौरवान्वित किया। सचिन ने दिव्यांग आमिर के नाम की जर्सी पहनकर मैच खेलने का फैसला किया। टॉस के दौरान सचिन ने आमिर के नाम की टीशर्ट पहनने का खुलासा किया।मैच के दौरान सचिन को कश्मीर के दिव्यांग खिलाड़ी आमिर हुसैन के नाम की जर्सी पहने हुए दिखाई दिए। मैच से पहले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू और कश्मीर को गौरवान्वित किया। सचिन ने दिव्यांग आमिर के नाम की जर्सी पहनकर मैच खेलने का फैसला किया।टॉस के दौरान सचिन ने कहा कि एक दिन मुझे भी मौका मिलना चाहिए, तुम्हारे नाम की टीशर्ट पहनकर खेलने का जो मेरे लिए सम्मान की बात होगी। आमिर हुसैन सचिन के साथ ओपनिंग करते हुए दिखाई दिए।दरअसल, सचिन तेंदुलकर ने हाल ही में जम्मू और कश्मीर का दौरा किया था। वहां, उन्होंने आमिर हुसैन से मुलाकात की थी जिसका एक वीडियो शेयर किया था। इसमें वह कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन से मुलाकात करते हुए नजर आ रहे थे। उन्होंने आमिर को एक बैट गिफ्ट किया था। साथ ही उनसे काफी देर तक बात की थी।बता दें कि आमिर के दोनों हाथ नहीं हैं और वह कंधें और गर्दन के बीच बल्ले को फंसाकर बैटिंग करते हैं। वह क्रिकेट के बहुत बड़े दिवाने हैं। जनवरी में आमिर का एक वायरल हुआ था, इसमें वह सचिन के नाम की जर्सी पहने हुए बल्लेबाजी करते हुए दिखाई दे रहे थे। आमिर के इस क्रिकेट प्रेम को देखकर सचिन तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया था।





इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरुआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# खबर सुनते ही वह टूट गया था...' राजकोट टेस्ट में किस इमरजेंसी के कारण घर चले गए थे अश्विन

**(आधुनिक समाचार नेटवर्क)**
**नई दिल्ली।** राजकोट टेस्ट मैच के दौरान आर अश्विन के अचानक घर जाने के कारण का खुलासा हो गया है। आर अश्विन की पतनी प्रीति ने इसके पीछे की सच्चाई बताई। प्रीति ने खुलासा किया कि अश्विन की मां अचानक गिर गई थी। इसके चलते अश्विन को घर आना पड़ा था। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ से मदद मांगी गई थी।अश्विन गुरुवार से धर्मशाला में शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट में इस प्रारूप में अपना 100वां टेस्ट मैच खेलेंगे। भारत की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले अश्विन 14वें खिलाड़ी होंगे। यह सीरीज अश्विन के लिए यादगार सीरीज रहेगी। जब वह 500 टेस्ट विकेट हालिल करने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने थे तो उसके कुछ ही घंटों बाद उनकी निजी जिंदगी में उथल-पुथल मच गई थी।दरअसल, राजकोट टेस्ट मैच के दौरान तीसरे दिन उन्हें मैच बीच में ही छोड़कर घर लौटना पड़ा था। हालांकि, वह चौथे दिन फिर टीम में दोबारा शामिल हुए। अब अश्विन के 24 घंटे के लिए टीम से गायब रहने के कारण का खुलासा हुआ है। अश्विन की पतनी प्रीति ने बताया कि उनकी सास बीमार हो गई थी। इसके चलते अश्विन को चेनन्ई जाना पड़ा था।द इंडियन एक्सप्रेस के लिए एक कॉलम में प्रीति ने लिखा, उनके 100वें टेस्ट को लेकर उत्साह के विपरीत, जब वह 499 विकेट पर थे तो एक परिवार के रूप में हम बहुत सहमे हुए थे। ऐसा इसलिए था क्योंकि अश्विन ने इसके बारे में बात नहीं की थी। राजकोट के दौरान, बच्चे स्कूल से वापस आए ही थे कि पांच मिनट बाद, वह 500 तक पहुंच गए और हम सभी फोन पर सभी बधाई संदेशों का जवाब दे रहे थे।प्रीति ने आगे लिखा, तभी मैंने आंटी की अचानक चीख सुनी जब वह गिर पड़ीं और कुछ ही समय में हम अस्पताल में थे। उस समय हमने अश्विन को नहीं बताने का फैसला किया था, क्योंकि चेनन्ई और राजकोट के बीच अच्छी उड़ान कनेक्टिविटी नहीं थी।



# सम्पादकीय

## स्वेज नहर की कहानी से कुछ इस तरह जुड़ा है नेपोलियन का नाम

साल 1798...इजिप्ट पर नेपोलियन के हमले का दौर। बर्तानवी नौसेना से हार, प्लेग से बीमार फौज और फ्रांस से मदद मिलने में देरी के कारण नेपोलियन का मध्य पूर्व अभियान हादसा बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। अलबत्ता उसके साथ आए थे वैज्ञानिक और इंजीनियर, जिन्होंने भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाले रास्ते की एक बुनियादी पैमाइश कर ली थी। एक नहर जैसा कुछ बनाने की तैयारी थी नेपोलियन की, जो बनी तो, मगर कुछ अजीबोगरीब ढंग से।इतिहास बोलता है कि 19वीं सदी के मध्य में ब्रिटिश हुकूमत भूमध्य सागर को फारस की खाड़ी से जोड़ने का एक रास्ता बनाना चाहती थी। बर्तानवी सेना के अधिकारी फ्रांसिस रॉडन चेसने की इस योजना के लिए ब्रिटिश पालिय्यामेंट ने बाकायदा बजट को मंजूरी दी थी। तब स्वेज नहर की तामीर नहीं हुई थी। चेसने की योजना तो परवान नहीं चढ़ी, मगर स्वेज साकार हो गई। विश्व की सबसे अनोखी मानव निर्मित नहर से यूरोप को भारत और एशिया से जोड़ने का रास्ता खुला। लाल सागर के रास्ते और स्वेज पर बन रहे इतिहास के नए अध्याय से पहले तक इस समुद्री रास्ते से हर साल करीब 18,000 जहाज गुजरते थे। स्वेज विश्व व्यापार की प्रमुख धमनी है, जिसके बंद होने से अब जहाज अफ्रीका की परिक्रमा करते हुए उस पुराने और लंबे रास्ते से जा रहे हैं, जहां केप ऑफ गुड होप में अटलांटिक और हिंद महासागर मिलते हैं। इस रास्ते से वास्कोडिगामा भारत आया था।स्वेज और रेड सी जैसा इतिहास दुनिया के किसी भूगोल के पास नहीं है। इजिप्ट के 12वें फराओ सेन्यूसिरेट ने ईसा से करीब 1,800 साल यहां एक समुद्री नहर की बुनियाद रखी थी। फराओ पूर्व और पश्चिम को व्यापार के लिए जोड़ना चाहते थे। इस पुरानी नहर के प्रमाण आज भी स्वेज शहर के पास मौजूद हैं। बाद के दशकों में बालू जमने से यह नहर बंद हो गई।ईसा पूर्व 285 में टॉलेमी सेकेंड ने नहर की रेत साफ कराई और व्यापार मार्ग फिर चल पड़ा। लेकिन सन 400 में बायजेंटइन शासकों ने इस मार्ग को फिर भुला दिया। रेत जमने से नहर बंद हो गई। सन 641 में अमर इबन अल एसा ने नहर खोली। भूमध्य सागर व लाल सागर के बीच आवाजाही शुरू हो गई। सन 760 में अब्बासीद खलीफा अबू जफर अल मंसूर ने नहर बंद कर दी। इसमें रेत भर दी गई। इसके बाद अगले 1,100 सालों तक भूमध्य सागर से लाल सागर के बीच कारोबार जमीनी रास्तों से हुआ।इतने रोमांचक किस्से हैं इस भूगोल के पास कि नेटफ्लिक्स के धारावाहिक बन सकते हैं। तो आइए बैठिए टाइम मशीन में। हम आपको ले चलते हैं एक ऐसे दौर में, जहां आप मिलेंगे दुनिया की सबसे अनोखी कंपनी से, विश्व के सबसे अजीबोगरीब अधिग्रहण से, इतिहास को बदलने वाले एक युद्ध से और ऐसे प्रधानमंत्री से, जिसकी वजह से ब्रिटेन की ताकत हमेशा के लिए डूब गई। हम टाइम मशीन में अपनी यात्रा शुरू करते हैं।... और लीजिए यह टाइम मशीन आपको 1798 में ले आई। यह इजिप्ट पर नेपोलियन के हमले का दौर है। फ्रांस को भूमध्य सागर के इलाके में ब्रिटेन का दबदबा तोड़ना था। दूसरा निशाना था भारत के साथ ब्रिटेन का कारोबार, जिस पर नेपोलियन कब्जा करना चाहता था। बर्तानवी नौसेना से हार, प्लेग से बीमार फौज और फ्रांस से मदद मिलने में देरी के कारण नेपोलियन का मध्य पूर्व अभियान हादसा बनकर इतिहास में दर्ज हो गया। अलबत्ता उसके साथ आए थे वैज्ञानिक और इंजीनियर, जिन्होंने भूमध्य सागर को हिंद महासागर से जोड़ने वाले रास्ते की एक बुनियादी पैमाइश कर ली थी। एक नहर जैसा कुछ बनाने की तैयारी थी नेपोलियन की, जो बनी तो, मगर कुछ अजीबोगरीब ढंग से।मगर असली रोमांच तो अब आएगा, आप मिलेंगे फिर्डनांड डे लेस्पस से। इस डिप्लोमेट ने अलेक्जेंड्रिया में तैनाती के दौरान स्वेज को लेकर नेपोलियन के इंजीनियरों की योजना का अध्ययन किया था। नवंबर, 1854 में उन्होंने इजिप्ट के वायसराय सईद पाशा से स्वेज के संकरे समुद्री रास्ते को खोदने की इजाजत ले ली। अब भूमध्य व लाल सागर को जोड़ने वाला रास्ता बनने वाला था। लेस्पस ने एक अनोखी कंपनी बनवा दी, जिसका नाम था यूनिवर्सल कंपनी ऑफ मैरीटाइम कैनाल ऑफ स्वेज। इस कंपनी का मालिक अकेला इजिप्ट नहीं था, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया और रूस भी हिस्सेदार थे।बाद में इन देशों का हिस्सा इजिप्ट ने खरीद लिया था। दस साल बाद 18 अगस्त, 1869 को भूमध्यसागर और लाल सागर का मिलन हुआ। अब टाइम मशीन हमें 1875 में ले आई है, जहां इस भूगोल का यह हिस्सा एक अजीब इतिहास से मुखातिब होता है। हुआ यूं कि इजिप्ट के वायसराय इस्माइल पाशा की हुकूमत आर्थिक मुसीबतों में घिर गई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बेंजामिन डिजरेली को मौका मिला।

## हरियाणा बोर्ड एग्जाम में ऐसे हो रही नकल

हरियाणा बोर्ड एग्जाम से दीवारों पर लटककर पचिर्यां पहुंचाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, वीडियो में कई लोग बांस की सहायता से स्कूल के रोशनदानों तक नकल की पचिर्यां पहुंचाते नजर आ रहे हैं।देश के कई राज्यों में परीक्षा के दौरान नकल को लेकर कई चौंकाने तक नकल की पचिर्यां पहुंचा रहे हैं।नूंह जिले के यासीन मेव सीनियर सेकेंडरी स्कूल और तावडू शहर के चंद्रावती स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं के दौरान जमकर नकल हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो ने नकल रोकने के दावों और हकीकत का फर्क लोगों को समझा दिया है। हालांकि परीक्षा



वाले मामले सामने आए हैं। ऐसे में परीक्षा के दौरान नकल को लेकर सरकार की ओर से लगातार कवायद की जाती रही है। हालांकि नकल रोकने में यह इंतजाम पूरी तरह से कारगर साबित नहीं हो पाते हैं।हाल ही में हरियाणा के नूंह जिले से एक ऐसे मामला सामने आया है। जिसमें लोग अपनी जान की परवाह किए बिना अभ्यर्थियों को नकल के लिए पचिर्यां पहुंचाते नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में लोग दीवारों पर लटककर तो कहीं बांस की सहायता से स्कूल के रोशनदानों शुरू होने के कुछ समय बाद ही परीक्षा केंद्रों से फोटो खींचकर पेपर आउट करने की सूचना सामने आ गई थी।नकलची इस तरह दीवारों पर लटके हुए थे कि अगर वे गिरते तो जान बचाना मुश्किल होता, लेकिन इस बात की चिंता किए बिना वे अपने साथियों को नकल कराने में लगे हुए थे। नकल करने के इस वीडियो का ने अपने एक्स पर साझा किया है।वीडियो में आप तावडू शहर में परीक्षा केंद्र पर नकलचियों का हुजूम देख सकते हैं। परीक्षा के दौरान नकलचियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अभ्यर्थियों को नकल कराने के लिए अपना पूरा जोर लगा दिया।

# संवाद की भाषा बदल रहे हैं 'मीम', जागरूकता के अभाव में बन रहे हैं चरित्र हनन का जरिया

आज रोज लगभग दस लाख मीम शेयर किए जाते हैं, लेकिन पर्याप्त इंटरनेट जागरूकता के अभाव में ये चरित्र हनन का एक बड़ा जरिया बन रहे हैं।इंटरनेट ने लोक व लोकाचार के तरीकों को काफी हद तक बदल दिया है। बहुत-सी परंपराएं और बहुत सारे रिवाज अब अपना रास्ता बदल रहे हैं। यह प्रक्रिया इतनी तेज है कि नया बहुत जल्दी पुराना हो जा रहा है। अब शब्द नहीं भाव और परिवेश बोल रहे हैं। जहां संचार के लिए न तो भाषा विशेष को जानने की अनिवार्यता है और न ही वर्तनी व व्याकरण की बंदिशें। तस्वीरें सार्वभौमिक भाषा बनकर उभर रही है। दुनिया के किसी भी कोने में रहने वाला व्यक्ति तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से अपनी बात दूसरों तक पहुंचा पा रहा है। जाहिर है, इंटरनेट के कारण हम एक ऐसे युग के साक्षी बन रहे हैं, जो अपने आप में अनूठा है।संवाद के इसी माध्यम के रूप में युवा पीढ़ी में तेजी से लोकप्रिय होती शैली है 'मीम'। पिछले कई वर्षों में, इंटरनेट उपयोगकर्ताओं ने नए शॉर्टहैंड बनाकर तेजी से संवाद के तरीके विकसित किए हैं। बीटीडब्लयू और एलओएल जैसे संक्षिप्त रूप इंटरनेट उपयोगकर्ताओं द्वारा बनाए गए नए शब्दकोष का हिस्सा हैं। इमोटिकॉन्स, या टेक्स्ट-आधारित एक्सप्रेशन भी लोकप्रिय मीम बन गए हैं। मीम के विषय कुछ भी हो सकते हैं, जैसे ब्लॉग या अन्य वेबसाइटों द्वारा लोकप्रिय हुए लोग, स्थान या जानवर या सार्वजनिक घोटाले में शामिल कोई राजनेता या सेलिब्रिटी।मीम की आधुनिक परिभाषा इसे एक विनोदी छवि, वीडियो, किसी टेक्स्ट (पाठ) का टुकड़ा या एनीमेटेड तस्वीर (जीआईएफ) बताती है, जो सोशल मीडिया पर अक्सर थोड़े बदलाव के साथ प्रसारित होता है। मीम्स



कोई भी बना सकता है और ये किसी भी चीज के बारे में हो सकते है-वर्तमान घटनाओं से लेकर किन्हीं भी सांसारिक कार्यों तक, जिनमें राजनीतिक सांस्कृतिक और फिल्म के संदर्भ शामिल होते हैं। मीम की लंबाई अलग-अलग होती है, क्योंकि वे छवियों, प्रतीकों, पाठ, वीडियो या जीआईएफ का रूप ले सकते हैं। वे एक छवि या वाक्यांश जितने छोटे हो सकते हैं और एक विस्तृत कथा के साथ कई मिनट के वीडियो जितने लंबे भी। कुछ मीम्स की लोकप्रियता क्षणिक होती है, जबकि कुछ वर्षों तक टिके रहते हैं।मीम्स की अवधारणा की जड़ें जीवविज्ञानी रिचर्ड डॉकिन्स की 1976 में प्रकाशित किताब द सेल्फिश जीन से मिलती हैं। डॉकिन्स ने मीम को एक सांस्कृतिक इकाई के रूप में परिभाषित किया है, जो एक से दूसरे व्यक्ति में फैलती है, जैसे कि जीन प्रजनन के माध्यम से फैलते हैं। मीम ग्रीक शब्द माइमेमा से आया है, जिसका अर्थ है 'जिसकी नकल की जाती है।' डॉकिन्स की किताब से पता चलता है कि मीम्स के उदाहरण सदियों पुराने हैं। लेकिन इन दिनों, जब हम मीम्स के बारे में सोचते हैं, तो आमतौर पर इंटरनेट मीम्स ही दिमाग में आते हैं। पहला इंटरनेट मीम व्यापक रूप से 'डांसिंग बेबी' माना जाता है, जिसमें एक 3डी एनिमेटेड बच्चा 1990 के दशक के अंत में लोकप्रिय हुआ। इंटरनेट कंसल्टिंग फर्म रेड्शीर की एक रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में भारतीय स्मार्टफोन उपयोगकर्ता प्रतिदिन तीस मिनट का समय मीम्स देखने में बिता रहे थे।साल 2021 के मुकाबले भारत में मीम्स की खपत में अस्सी प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी शोध के अनुसार, मीम लोगों का तनाव दूर करने का एक अच्छा माध्यम बनकर उभरा है। 2021 के इंस्टाग्राम आंकड़ों से पता चलता है कि सारी दुनिया में मीम शेयरिंग में दोगुनी वृद्धि हुई है। आज रोज लगभग दस लाख मीम शेयर किए जाते हैं। फोर्ब्स के एक शोध के अनुसार, मीम विज्ञापन अभियान ई-मेल मार्केटिंग की तुलना में चौदह प्रतिशत अधिक क्लिक-थ्रू दर प्राप्त करते हैं, जो उनकी शक्तिशाली वायरल अपील और व्यापक पहुंच को प्रदर्शित करता है।हालांकि मीम का एक अवधारणा के रूप में अभी आकलन होना बाकी है, लेकिन पर्याप्त इंटरनेट जागरूकता के अभाव में मीम चरित्र हनन का भी एक बड़ा जरिया बन रहे हैं। इसके लिए लोगों को सचेत होने की जरूरत है कि मनोरंजन के लिए किसी का मजाक किस हद तक उड़ाया जाए।दूसरी समस्या सामान्य लोगों की निजता की भी है, जिनके चेहरे इंटरनेट पर किसी वजह से वायरल हो जाते हैं, वे तरह-तरह के मीम का हिस्सा बन जाते हैं। संवाद और मनोरंजन का यह नया रूप भविष्य में कैसे जिम्मेदारी से विकसित होगा, इसका फैसला होने में अभी वक्त है।

## अमीरों का क्लब बन गया है विश्व आर्थिक मंच

इस वर्ष पांच दिन तक चले विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) के सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। मसलन, एक सत्र में इस बात पर चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के बजाय मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियों के कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है।विगत 15 से 19 जनवरी के बीच विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम) का सम्मेलन दावोस (स्विट्जरलैंड) में संपन्न हुआ, जिसमें आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने हिस्सा लिया। 60 देशों के शासनाध्यक्षों के अलावा कई बड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि, राजनेता, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख और आर्थिक जगत के अनेकानेक प्रमुख इस सम्मेलन में दिखे। वर्ष 1971 में अस्तित्व में आए इस मंच पर पिछले लगभग 53 साल से व्यापार, भू-राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा से लेकर पर्यावरण और प्रकृति समेत अनेक मुद्दों पर चर्चा होती रही है, लेकिन उसके पीछे बहुराष्ट्रीय कंपनियों का अपना एजेंडा होता है।इस वर्ष पांच दिन तक चले इस सम्मेलन में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार दिखाई नहीं देता। मसलन, एक सत्र में इस बात पर चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के बजाय मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियों के कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है। इस मंच पर जिन 60 शासनाध्यक्षों ने भाग लिया, वे सभी वैश्विक भू-राजनीति में उथल-पुथल से चिंतित दिखे। बेशक उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन आर्थिकी की चर्चा करते समय उनका ध्यान मुल्कों के बीच असमानताओं और दुनिया में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की तरफ नहीं था। पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन पर बात तो हुई, लेकिन समाधान के लिए वैश्विक नेताओं में कोई विशेष इच्छाशक्ति दिखाई नहीं दी।पिछले कई पर्यावरण सम्मेलनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आज पर्यावरण पर चर्चा से ज्यादा समाधान की जरूरत है। कई वर्ष पहले विकसित देशों ने वादा किया था कि वे पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए हर वर्ष 100 अरब अमेरिकी डॉलर की सहायता देंगे। लेकिन वह सहायता दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रही। उसी तरह से बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी अपने पास उपलब्ध प्रौद्योगिकी बिना भारी शुल्क लिए साझा करने को तैयार नहीं हैं। जो लोग दावोस बैठक में हिस्सा लेने आए, उन्होंने बिगड़ते पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से तबाही की आशंकाओं पर चर्चा तो की, लेकिन विडंबना देखिए कि उनमें से अधिकांश अपने-अपने निजी विमान से आए। जाहिर है, उससे जितनी कार्बन का उत्सर्जन हुआ, उससे वे उदासीन थे।एक हजार बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पोषित यह मंच अपने सम्मेलनों में हिस्सा लेने वालों से फीस के रूप में मोटी रकम वसूलता है, जिसका मतलब है कि इसे सर्वसमावेशी मंच नहीं कहा जा सकता है। इसे दुनिया की उन विशालकाय कंपनियों का ही मंच कहा जा सकता है, जिनके पैसे से इसका काम चलता है। यदि वास्तव में वे दुनिया के समक्ष मौजूद समस्याओं के प्रति संवेदनशील होते, तो इसमें भाग लेने के लिए भारी-भरकम शुल्क की अनिवार्यता नहीं होती, बल्कि हाशिये पर खड़े समुदायों, पिछड़े समाजों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं और सामान्य लोगों को भी इसमें हिस्सेदारी के लिए आमंत्रित किया जाता। शासनाध्यक्षों, सरकारों में बड़े मंत्रियों और बड़ी कंपनियों के चहेते चुनिंदा बुद्धिजीवियों की उपस्थिति इन कंपनियों के एजेंडे को वैधता प्रदान करती है। ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां मानवता और विश्व कल्याण की चाहे कितनी भी बातें करें, इनका असली चेहरा इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान देखने को मिला, जब फाइजर कंपनी ने अप्रभावी वैक्सीन जान बूझकर दुनिया भर में बेची। कंपनी को भली-भांति मालूम था कि उनकी वैक्सीन प्रभावी नहीं है, उसके बावजूद वह अमेरिकी सरकार के जरिये भारत पर भी दबाव बना रही थी। पिछले वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम (2023) में जब पत्रकारों द्वारा फाइजर कंपनी के प्रमुख से इस बाबत पूछा गया, तो वह कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं हुए।यह बात किसी से छिपी नहीं है कि 'गैट' समझौतों में अधिकांश समझौते बहुराष्ट्रीय कंपनियों के दबाव में हुए। ट्रिप्स समझौते में बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हित में न केवल दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों समेत सभी प्रकार के उत्पादों पर पेटेंट की अवधि बढ़ाई गई, बल्कि प्रक्रिया पेटेंट से उत्पाद पेटेंट की व्यवस्था भी लागू की गई, जिससे दुनिया के देशों में स्वास्थ्य सुरक्षा बाधित हुई। वास्तविक एजेंडा पारदर्शी नहीं है।

# पाकिस्तान के नक्शे कदम पर नेपाल, हालिया घटनाएं दे रही हैं कुछ अहम संकेत

जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को ऐसी प्रेरणा चीन से मिली? नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन का हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है।नेपाल की ताजा घटनाएं कुछ महत्वपूर्ण संकेत देती हैं, जिनमें कुछ नई हैं, तो कुछ पुरानी। पहली बात तो यह है कि यह कुछ पाकिस्तान के घटनाक्रम जैसा है, जहां पिछले महीने चुनावी नतीजे के बाद त्रिशंकु सदन की स्थिति पैदा होने पर दूसरे और तीसरे नंबर की पाटिर्यों ने मिलकर नई सरकार बनाई और सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाले इमरान खान की पार्टी समर्थित उम्मीदवारों को विपक्ष में बैठने के लिए मजबूर कर दिया। ठीक उसी तरह नेपाली कांग्रेस, जिसने पिछले वर्ष चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं, सहयोगी बन गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या नेपाली कांग्रेस सिर्फ नेपाल ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया में चीन के बढ़ते प्रभुत्व और सीपीएन-यूएमएल के प्रमुख केपी शर्मा ओली के कदमों से बेखबर थी? इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस कुछ मंत्री पदों को लेकर प्रचंड के साथ अपने बढ़ते मतभेदों को दूर करने में क्यों असमर्थ रही?चौथी बात, जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि जिस तरह पाकिस्तान में पर्दे के पीछे सरकार गठन में सेना प्रेरक की भूमिका में थी, क्या नेपाल को वह प्रेरणा चीन से मिली थी? सत्ता से बेदखल हुई नेपाली कांग्रेस ने तो नेपाल के वामपंथियों के बीच सुलह कराने के पीछे चीन के हाथ होने का संकेत दिया ही है। नेपाल में चीन के बेल्ट ऐंड रोड पहल की गति को भी एक कारक के रूप में देखा जाता है।नेपाल में इस तरह के कई बदलाव हुए हैं और नेपाल का नवीनतम सियासी घटनाक्रम इन सभी कारकों का संयोजन प्रतीत अपने नए स्वरूप में यह सरकार भी ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। मौजूदा संसद का कार्यकाल अब मात्र तीन वर्ष बचा है। पिछले चुनाव में त्रिशंकु सदन की स्थिति में सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई और लगातार राजनीतिक अस्थिरता बनी रही।जहां तक चीन का सवाल है, उसने उसी दिन तुरंत अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'बीजिंग नई सरकार के साथ काम करने को इच्छुक है...हमें उम्मीद है कि नेपाल में सभी दल एकजुट होंगे और नई सरकार के गठन, राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और लोगों की आजीविका में सुधार से संबंधित कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए सहयोग करेंगे।'नेपाल के दूसरे बड़े पड़ोसी भारत ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। नेपाल का घटनाक्रम तब सामने आया है, जब भारत हिंद महासागर में मालदीव के सख्त रवैये से जूझ रहा है। आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। पिछले महीने भारतीय विदेश सचिव विनय मोह क्वात्रा अपने नेपाली समकक्ष सेवा लम्सल से काठमांडू में मुलाकात के बाद एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया था कि दोनों पक्षों ने बहुआयामी सहयोग पर चर्चा की। हालांकि उसमें पीएमपी का कोई संदर्भ नहीं था, जो दोनों पक्षों के बीच अब तक की सबसे बड़ी द्विपक्षीय बिजली परियोजना है।आगे की द्विपक्षीय वार्ता से भी कोई मदद नहीं मिली। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने रायसीना डायलॉग में हिस्सा लिया और वह अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में भी पहुंचे थे। इस तरह की भागदारी के साथ सदियों पुरानी सांस्कृतिक निकटता भी कूटनीति में मददगार साबित नहीं हुई। भारत भी नेपाल से और अधिक बिजली खरीदने के लिए तैयार नहीं है। रिपोर्टों से पता चलता है कि दोनों पक्ष लाभ के बंटवारे पर सहमत नहीं हो पा रहे है, इसलिए परियोजना रुकी हुई है।हालांकि बिजली समान रूप से बांटी जाती



को सत्ता से बाहर कर दिया गया।दूसरी बात, संख्याबल के खेल ने खुद को दोहराया है, जिसमें सिद्धांतों के लिए कोई जगह नहीं है। नेपाल के लोग राजशाही से लेकर म्यूजिकल चेयर का खेल खेलने वाले राजनेताओं के बीच फंसकर रह गए हैं। नेपाली कांग्रेस के प्रमुख देउबा पांच बार और ओली दो बार प्रधानमंत्री बने हैं, जबकि प्रचंड का यह तीसरा कार्यकाल चल रहा है।तीसरी बात, जैसा कि एक समय दुनिया भर के समाजवादियों के लिए कहा गया था, वह नेपाली कम्युनिस्टों पर भी सटीक बैठता है कि वे कुछ समय के बाद साथ नहीं रह सकते और ज्यादा दिनों तक अलग भी नहीं रह सकते। विरोधी खेमे के प्रतिद्वंद्वी माओवादी, कम्युनिस्ट एवं समाजवादी अब नए होता है। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने, जो दिसंबर, 2022 में ओली के सीपीएन-यूएमएल के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे, कुछ ही महीनों के बाद ओली के साथ गठबंधन तोड़कर नेपाली कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। इस बार, कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर माओवादी सेंटर और नेपाली कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ गए।इसके अलावा, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा चाहते थे कि उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित विधायक कृष्णा सितौला को नेशनल एसेंबली का अध्यक्ष बनाया जाए, जबकि प्रचंड अपनी पार्टी के सदस्य को इस पर रखना चाहते थे। लगता है कि ओली ने इसी मतभेद का फायदा उठाया। नेपाल में हुआ बदलाव बिल्कुल आश्चर्यजनक या अचानक नहीं है। नेपाली कांग्रेस और प्रचंड की पार्टी माओवादी सेंटर के बीच लंबे समय से मंत्रिमंडल में फेरबदल और नेशनल एसेंबली के अध्यक्ष पद को लेकर मतभेद गहरा रहे थे। प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा था कि नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष देउबा अच्छा प्रदर्शन न करने वाले मंत्रियों को बदलने की उनकी योजना में सहयोग नहीं कर रहे हैं।जहां तक नेपाल के साथ भारत के संबंधों की बात है, दोनों देशों द्वारा दीर्घकालिक बिजली साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक महीने बाद भी दोनों पक्ष ऐतिहासिक पंचेश्वर बहुद्देशीय परियोजना (पीएमपी) पर रुकी हुई बातचीत को है, लेकिन भारत को सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण में बड़ा लाभ मिलता है। दूसरी तरफ नेपाल पानी को 'सफेद सोना' समझता है और चाहता है कि इसके लिए भारत उसे भुगतान करे। भारत इस दावे को स्वीकार नहीं कर सकता, क्योंकि यह अन्य जल संधियों की भारतीय अवधारणा को चुनौती देता है। नेपाल पर नजर रखने वाले पर्यवेक्षकों का कहना है कि भारत को नेपालियों को संतोषजनक मुआवजा देने का कोई रास्ता खोजना चाहिए।दो बड़े पड़ोसियों से सुरक्षित दूरी बनाकर रखने के लिए प्रतिबद्ध नेपाल के पास घरेलू सियासी उथल-पुथल को नियंत्रित रखने के अलावा कोई चारा नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

## नगर पंचायत में चल रहे हैं बिना नंबर प्लेट के वाहन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला/सोनभद्र।** डालाबजार -नगर पंचायत में लगभग आधा दर्जन से ज्यादा कचरा ढोने वाली डीजल चलित गाड़ियां हैं। साथ ही एक वाहन बिजली के तार आदि की गड़बड़ी ठीक करने वाला तो एक प्रचार वाहन तथा अन्य ट्रेक्टर सहित दर्जनों



गाड़िया है। किसी पर नंबर नहीं है। जबकि नियम है कि रजिस्ट्रेशन के बाद इनका नंबर जरूर लिया जाय। यह काम पिछले नवसृजित नगरपंचायत बनने के बाद से हो रहा है लेकिन जिम्मेदार महकमा ध्यान नहीं देता। गाड़ियों पर उत्तर प्रदेश सरकार लिखने के बाद जैसे साले नियम समाप्त हो गए हों। डालाबाजार नगरपंचायत में नियमों को ताक पर रखकर बिना नम्बर प्लेट के वाहनों को संचालित करवा रहा है। जहां एक तरफ आम आदमी अगर यातायात नियमो का उल्लंघन करता है तो उसे हजारों रुपये का चालान भरना पड़ता है। पुलिस से लेकर एआरटीओ कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटते। वहीं नगर पंचायत डाला बाजार की गाड़िया दिन रात बिना किसी नंबर प्लेट के सड़कों पर दौड़ती रहती हैं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार इनपर कार्रवाई की जहमत नहीं उठाता। कचरा ढोने वाली गाड़ियों के साथ ही नपं के प्रचार वाहन भी बिना नंबर के चल रहे हैं। यदि किसी भी समय कोई अप्रिय घटना हो जाय तो पता नही चलेगा कि किसके द्वारा हुआ और सभी जिम्मेदार पल्ला झाड़ते नजर आएंगे। नगरवासियों ने जिलाधिकारी महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया है कि इस प्रकार की मनमानी पर रोक लगाई जाए।

# सर्व शक्ति साधना मंडल ने होली मिलन समारोह आयोजित किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** सेक्टर 82 पाकेट 7 में सर्व शक्ति साधना मंडल के बैनर तले होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें दीप जलाकर



कार्य क्रम का श्री गणेश किया गया। सभी सम्मानित भक्त गणों ने हनुमान चालीसा का पाठ एवं शिव स्तुति का पाठ किया। आरती हुई। इसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले। उसके बाद फूलों की होली भी खूब खेली गई। कार्यक्रम की व्यवस्था रमेश कुमार वर्मा एवं श्रीमती मंजू वर्मा के परिवार की तरफ से किया गया था। बाद में सभी लोग मिलकर फाग गीत भी गाए। इस मौके पर राघवेन्द्र दूबे, गोरे लाल, रवि राघव, सुशील कुमार पाल, पप्पू सिंह, दीपक तिवारी, उत्तम चंद्रा, विकास कुमार, देवेन्द्र कुमार गुप्ता, विष्णु शर्मा,बी डी गुप्ता, रमेश चंद्र शर्मा, राजवीर, विजय कुमार,धीरज कन्याल, प्रकाश जोशी, संजय पांडेय, हंस मणि शुक्ल, संगम प्रसाद मिश्र, शिव चौधरी, राजेश कुमार गुप्ता, रमेश चंद्र दास, राजेश कुमार पाठक,पद्म सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नेकी का डिब्बा फाऊंडेशन ने गरीबों को कपड़े वितरित किए

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा एक बार फ.िर से जरूरतमंद के दहलीज पर ठनेकी का डब्बा फाउण्डेशनठ का



अभियान ठआपकी उतरन किसी की जरूरत हैठ के सातवें चरण में कुल लगभग छः हजार कपड़े वितरित किए गए। इन कपड़ो को ग्रेनो वेस्ट सेक्टर 10 के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट पर काम कर रहे जरूरतमंद तक पहुंचाकर इस सर्द में उनके जीवन में गर्माहट लाई गई। इस मुहिम में 101 दिन मे 51 हज़ार कपड़े ज़रूरतमंद तक पहुंचाने के लक्ष्य के साथ है अब तक टोटल 45000 कपड़े ज़रूरतमंद तक पहुंचाएं जा चुके हैं। इस मुहिम में अब तक दिल्ली एनसीआर के तमाम सोसाइटी और कॉरपोरेट जुड़ चुके हैं जहां से जरूरतमंद के लिए नए और पुराने कपड़े प्राप्त हो रहे हैं। आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल किशोर, उर्वशी, पूजा, संगीता, रजत अग्रवाल, पंकज जी, गिरीश शुक्ला और अन्य मौजूद रहे।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा किए गए हवन पूजन दिए शंदेश

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में संचालित मां गायत्री बाल संस्कार शाला सोनभद्र के सौजन्य से नगर के रामलीला मैदान के भवन भूमि पर ढफली बजाकर युग संगीत सुविचार सद्विचार से उपस्थित लोगों का मन को मंत्र युक्त कर दिया गया तत्पश्चात गायत्री दीप महायज्ञ के साथ भगवान महाकाल के प्रारंभ होते ही सभी भाई-बहनों ने हर्षित होकर तालिया व बजाकर गीत का गायन गया पुणे के भागीदार बने बच्चों ने एक शाम गुरुवार नाम के सापेक्ष उनकी उपेक्षा पर सदा विचारों युग सूरत अचार तपस्वी जी के संदर्भ में उनके द्वारा किए गए साथ कार्यों का बड़े ही सरल सर्जिकल के तहत जानकारी प्रस्तुत की गई जिसमें श्रोताओं ने उसका ज्ञान अर्जित किया। वही इस दौरान पर आयुष, दिव्या, कृषिका ,हर्षिका ,आयुषी ,साक्षी, प्राची , उज्जवल ,दिव्यांश, ऋषभ पांडेय इत्यादि के सानिध्य में अपनी प्रस्तुति गीतों संगीत सद्विचार के माध्यम से मंथ पर प्रस्तुत किया ।

# अनुमानित कीमत 2.5 करोड़ की कन्टेनर ट्रक में लदी 930 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 01 अंतर्राज्यीय शराब तस्कर गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दनठ द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्योहारों को सकुशल सम्पनन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने



हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थी की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना अहरौरा पुलिस, एसओजी/सर्विलांस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है । दिनांकः 17.03.2024 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अहरौरा, एसओजी/सर्विलांस व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना अहरौरा क्षेत्रांतर्गत सुकृत बार्डर बहद ग्राम हिनौता छातो के पास सघन चेकिंग कर कन्टेनर ट्रक अंकित वाहन संख्याः व् 05 श् 7932 (वास्तविक वाहन संख्या ष्ट 55 श् 7932) सवार 01 अभियुक्त पवन कुमार पुत्र शिवराम निवासी साहा थाना साहा जनपद अम्बाला, हरियाणा को गिरफ्तार किया गया । बरामद वाहन की तलाशी ली गयी तो उपरोक्त कन्टेनर ट्रक में लदी हुई कुल 930 पेटी/ 11160 बोतल (प्रत्येक बोतल 750स्त) अवैध अंग्रेजी शराब (नाइट क्वीन डिलक्स व्हीस्की ब्राण्ड) बरामद हुई । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मु0अ0स0- 59/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 60/63 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय/ जेल भेजा जा रहा है तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त कन्टेनर ट्रक को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अंग्रेजी शराब को हिमांचल प्रदेश से झारखण्ड ले जाकर ऊंचे दामों पर बिक्री कर देते है । अभियुक्त द्वारा बताया गया कि बिक्री हेतु ले जा रहे शराब को विभिनन्न प्रदेश की सीमाओं में प्रवेश करने से पूर्व वाहन का नम्बर प्लेट उस प्रदेश के अनुसार बदल देते है ताकि पकड़े न जा सके ।

# पांच वर्षों में डेढ़ लाख किलोमीटर की यात्रा करते हुए पुलवामा में शहीद हुए जवानों के घरों की पवित्र माटी को इकट्ठा किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा 14 फरवरी 2019 में हुए सीआरपीएफ पुलवामा हमले के अगले दिन से पूरे देश में डेढ़ लाख किलोमीटर का सफर तय करके 200 से अधिक शहीद जवानों



के घर के आंगन की पवित्र माटी इकट्ठी करने वाले उमेश गोपीनाथ जाधव के पांच वर्षों की यात्रा को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित पुस्तक का विमोचन नोएडा प्रेस क्लब में नेक्सजेन एनजिन्या के सीईओ डॉ पीयूष द्विवेदी, श्रीमंगलम कॉलेज के उपाध्यक्ष हर्षराज द्विवेदी, मदरलैंड अस्पताल के सीईओ डॉ बवित कुमार, गौरव मल्होत्रा, युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, अंकुर शर्मा, विनीत शर्मा और गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष जितेंद्र अंबावता ने किया। उमेश गोपीनाथ जाधव ने कहा कि वह चाहते है कि शहीदों के आंगन से एकत्र की गई मिट्टी से भारत का नक्शा बनाकर देश के किसी भी वार मेमोरियल में रखा जाए। जिन शहीदों के घर के आंगन से मिट्टी ली गई है उन्होंने इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयर फोर्स , इंडियन कोस्ट गार्ड, सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज और स्टेट पुलिस में अपनी सेवाएं देते हुए सर्वोच्च बलिदान देश और देशवासियों के लिए दिया है। अमर बलिदानियों की पवित्र मिट्टी से भारत का नक्शा बनाया जाए, जिसे पर्यटन स्थल के तर्ज पर सभी के लिए खोला जाए। जहां सभी देशवासी हर रोज अमर बलिदानियों को याद करे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करे। डॉ पीयूष द्विवेदी ने कहा की नोएडा की धरती पर अमर बलिदानियों के आंगन की मिट्टी के कलश पहुंचना हम सभी के लिए गर्व की बात है। वॉर मेमोरियल सिर्फ उमेश का ही नहीं बल्कि हम 140 करोड़ भारतीयों का सपना है। श्रीमंगलाम कॉलेज के उपाध्यक्ष हर्षराज द्विवेदी ने कहा कि इस मुहिम को लक्ष्य तक पहुंचाना नोएडा की प्राथमिकता होगी, जिसमे मीडिया से लेकर हर एक व्यक्ति अपना अहम योगदान देगा।कार्यक्रम का आयोजन युवा क्रांति सेना और विद्या फाउंडेशन ने किया।

# ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों संग मनाई होली

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** संस्थापक,भारती नेगी के सहयोग से ऋषि की पाठशाला में जरूरतमंद पढ़ने वाले नन्हे मुनन्ने बच्चों ने रंग गुलाल लगाकर मनाया होली का पर्व ट्रस्ट की संस्थापक भारती नेगी ने सभी बच्चों को बताया रंगों का त्योहार होली भारतवर्ष की सबसे प्रमुख त्योहारों में शामिल किया जाता है। प्राचीन काल से ही देश में इस त्यौहार को मनाए जाने के प्रमाण उपलब्ध हुए हैं। जैसे कि देश में विभिनन्न भागों में विभिनन्न रूपों में मनाया जाता है। होली का त्यौहार मानव जीवन को खुशियों के रंग से सरोबार कर देता है। सभी बच्चों ने होली मनाते हुए डांस गानों के साथ मस्ती की बच्चों ने जूस समोसे सन्क्स आदि के साथ होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया और बच्चे काफी मस्ती करते हुए नजर आए। उपस्थित,भारती नेगी,जीएस नेगी,प्रीति सिंह,आरती,आदि लोग उपस्थित रहे।



# लोकसभा चुनाव के लिए सपा व कांग्रेस नोएडा महानगर अध्यक्ष ने बैठक कर बनाई रणनीति



(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता व कांग्रेस नोएडा महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने बैठक कर बनाई रणनीति , गौतमबुध नगर से सपा व कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी डॉक्टर महेंद्र नागर घोषित किए गए हैं। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता परेशान हो चुकी है ।10 सालों में वर्तमान संसद में सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। इस बार यहां की जनता इनके झूठी बातों में आने वाली नहीं है। जनता सब जान चुकी है ।इस बार गौतमबुद्ध नगर से इंडिया गठबंधन भारी मतों से जीतने जा रही है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर ने कहा कि गौतमबुध नगर से इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी । और भारी मतों से जीत हासिल करने का काम करेगी ।

# चौरासी लाख योनियां भोगने के बाद मनुष्य जन्म बड़े भाग्य से मिलता है-आचार्य विष्णुकांत पराशर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के तत्वावधान में सेक्टर-20



के श्री हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथावाचक आचार्य विष्णुकांत जी पाराशर वृंदावन धाम ने तीसरे दिन की कथा में कपिल देवहूति संवाद के बारे में बताया,जिसमें उन्होंने कहा कि ठचौरासी लाख योनियां भोगने के बाद मनुष्य जन्म बड़े भाग्य से मिलता है।गृहस्थ के साथ-साथ भगवान की याद जीवन में बनी रहे ।भगवान को हम नहीं भूलें। उन्होंने कहा कि अष्टांग योग, यम, नियम, आसन, प्राणायाम प्रत्याहार, ध्यान, धारणा, समाधि इससे मन पवित्र होता है। भगवान के चरणों का दर्शन करने से हमारे पाप कटते हैं।ठ जडभरत-रहूगण् संवाद की चर्चा करते हुये उन्होंने बताया कि मनुष्य की आत्मा-परमात्मा में भेद नहीं है। भगवान के दर्शन से ज्यादा नाम जरूरी है।संकेत में, हँसी म?जाक में भगवान का नाम कल्याण करता है। नरक में न जाना पड़े इसीलिए भगवन् नाम का जप करते रहना चाहिये।उन्होंने प्रहलादचरित्र सुनाया और कहा कि नरसिंह भगवान भक्ति से प्रसनन्होकर खंभा तोड़कर प्रकट हुए।कथा 23 मार्च तक चलेगी।प्रतिदिन सायं 04 बजे से 07.30 बजे तक कथा व्यासजी द्वारा श्रीमद्भागवत जी की कथा का गुणगान किया जायेगा।22 मार्च को होली मंगल मिलन का आयोजन किया जाएगा।23 मार्च को अंतिम दिन कथा पूर्वाह्न 10.00 बजे शुरू होगी तथा हवन एवं व्यास पूजन के साथ ही कथा का समापन हो जायेगा।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन श्रीहनुमान मंदिर समिति सेक्टर-20 के सहयोग से किया गया है।श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के अध्यक्ष धर्मपाल गोयल एवं महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने कथा व्यासजी एवं अतिथियों का पटका ओढ़ाकर सम्मान किया। कथा श्रवण के लिये कथा स्थल पर आयोजन समिति के चेयरमैन उमाशंक़र गर्ग,कथा संयोजक अनिल गोयल,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वर्मा,डॉ.एसपीजैन,जेएमगुप्ता,राधाकृष्ण गर्ग,पवन गोयल,राजकुमार गर्ग, मुकेश गोयल,मुकेश गुप्ता,सुशीला शर्मा,रामपाल भाटी,गंगाराम यादव,विनय गुप्ता सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

# द्वितीय दिवस की कथा में परीक्षित जन्म,सुकदेवजी द्वारा भागवत चर्चा का वर्णन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा सेक्टर-20 स्थित श्रीहनुमान मंदिर में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के




द्वितीय दिवस की कथा में कथाव्यास आचार्य विष्णुकांत पराशर जी ने परीक्षित जन्म का वर्णन विस्तारपूर्वक किया।उन्होंने बताया कि ऋषि श्रृंगी ने अपने पिता के अपमान से क्रोधित होकर राजा परीक्षित को सात दिनों में मरने का श्राप दे दिया।मृत्यु को सुलभ बनाने के लिये सुकदेवजी ने गंगा के तट पर राजा परीक्षित को भागवत जी की कथा सुनायी।उन्होंने महाभारत की कथा और भीष्म द्वारा भगवान कृष्ण की स्तुति का भी वर्णन किया। कथा का समापन 23 मार्च को होगा।। प्रतिदिन सायं 04 बजे से 07.30 बजे तक कथा व्यासजी द्वारा श्रीमद्भागवत जी की कथा का गुणगान किया जायेगा।22 मार्च को होली मंगल मिलन का आयोजन किया जाएगा।23 मार्च को अंतिम दिन कथा पूर्वाह्न 10.00 बजे शुरू होगी तथा हवन एवं व्यास पूजन के साथ ही कथा का समापन हो जायेगा। कथा श्रवण के लिये कथा स्थल पर आयोजन समिति के चेयरमैन उमाशंक़र गर्ग,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल ,महासचिव मुनन कुमार शर्मा,कथा संयोजक अनिल गोयल,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनरायण गोयल, बजरंगलाल गुप्ता,पवन गोयल,राजकुमार गर्ग, मुकेश गोयल,मुकेश गुप्ता,जेएमगुप्ता, सुशीला शर्मा,रामपाल भाटी, गंगाराम यादव, एस एम गुप्ता, अनंत वर्मा, विनय गुप्ता सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

# उत्तराखंड प्रवासी निराला मंच द्वारा होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नोएडा वेस्ट निराला एसपायर सोसाइटी में




उत्तराखंड प्रवासी निराला मंच द्वारा ठदेवभूमि उत्तराखंड मेरो पहाड़ठ के अंतर्गत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निराला एसपायर सोसाइटी में रहने वाले 100 से अधिक उत्तराखंड प्रवासीय परिवारों ने भागीदारी की। सोसाइटी में रहने वाली महिलाओं बच्चों और पुरुषों द्वारा उत्तराखंड की होली के लोकगीतों का गायन हुआ। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ सुरीली धुनों के साथ हुआ। कार्यक्रम का सफल आयोजन करने के लिए इस टीम में शामिल मुख्य रूप से श्री दीपक पंत, श्री रंजनीश भंडारी, श्री पारस जोशी, श्री मनोज उप्रेती, श्री सोमिल बेलवाल, श्री विवेक डबराल, श्री हरिश दुर्गापाल, श्री राकेश मनराल,श्री विकास भट्ट, श्री पंकज उप्रेती, श्री अरुल उपाध्याय, श्री गोपाल बिष्ट, श्री पंकज सिरोला, श्री संजय, श्री योगेन्द्र, सोसाइटी की मेंटेनेंस टीम एवं अन्य लोग का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

# विघटनकारी प्रौद्योगिकियों पर दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नोएडा।** नोएडा ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेकनेलॉजी एंड मैनेजमेंट (जीएलबीआईटीएम) के सीएसई विभाग द्वारा ठविघटनकारी प्रौद्योगिकियोंठ पर आयोजित दूसरे अंतर्राष्ट्रीय आईईईई सम्मेलन का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन समारोह में डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे मुख्य अतिथि और एनएसयूटी वेस्ट कैंपस नई दिल्ली की कैंपस निदेशक प्रोफेसर प्रेरणा गौड़ विशिष्ट अतिथि रही। एनआईटी दिल्ली के डीन रिसर्च एंड कंसल्टेंसी प्रोफेसर अनुराग सिंह, आईजीडीटीयूडब्लूयू नई दिल्ली के डीन शैक्षणिक मामले प्रोफेसर अरुण शर्मा, एमएमएमयूटी गोरखपुर के प्रोफेसर प्रभाकर तिवारी और एथेंस विश्वविद्यालय ग्रीस के प्रोफेसर एलेक्सियोस कर्रास ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने बहुमूल्य विचार प्रतिभागियों के साथ साझा किये। सम्मेलन के अंतिम दिन एआई, ब्लॉकचेन, आईओटी, 3डी प्रिंटिंग और एमएल जैसे विषयों सहित विघटनकारी प्रौद्योगिकियों में ज्ञान के आदान-प्रदान और उपलब्धियों के लिए एक वैश्विक मंच प्रदान किया गया। आयोजन में विद्वानों, अभ्यासकर्ताओं और उद्योग विशेषज्ञों के द्वारा अत्याधुनिक विकास पर चर्चा करने के बाद विघटनकारी प्रौद्योगिकियों में महत्वपूर्ण प्रगति पर अपने-अपने शोध पत्र और लेख प्रस्तुत किये गए। इस दो दिवसीय कार्यशाला में दुनिया भर से शैक्षिक विद्वानों ने 1,113 शोध पत्र पंजीकृत किये थे जिसमें से चयन समिति ने कुल 300 शोध पेपर का चयन किया। कुल 26 प्रतिशत पेपर स्वीकृत किये गए। अंत में कॉलेज के निदेशक डॉद मानस कुमार मिश्रा ने मुख्य अथिति और सभी विशिष्ट अथितियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। इस दौरान सरोज पांडे और राजेंद्र शर्मा के साथ अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

